लखनऊ । वाराणसी । नई दिल्ली

15 नवम्बर 2026 रविवार
वर्ष : 20 अंक: 131
पृष्ठ : 8
वाराणसी
काशी संस्करण
मूल्य: 2.00 रूपए

लोक हस्तक्षेप

Power Of Truth

हिन्दी दैनिक

HEALTH & ENVIRONMENT

लोक हस्तक्षेप का पर्यावरण बचाओ आन्दोलन

www.facebook.com/lokhastakshep www.twitter.com/lokhastakshep /Lokhastakshep /Lokhastakshep

www.lokhastakshep.com

पूर्व सैनिकों को स्टांप शुल्क में छूट,शहीद आश्रितों को मिलेगी नौकरी : योगी

- वीरता पदक विजेताओं की एकमुश्त पुरस्कार राशि और वार्षिकी अब दोगुनी
- मेरठ में मुख्यमंत्री ने की पूर्व सैनिकों के लिए तीन घोषणायें



लखनऊ,संवाददाता।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मेरठ में पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह में प्रदेश के वीर सैनिकों, पूर्व सैनिकों और शहीद परिवारों के लिए तीन बड़ी घोषणाएं की। उन्होंने वीरता पुरस्कार विजेताओं को मिलने वाली एकमुश्त पुरस्कार राशि और वार्षिकी दोगुनी करने, पूर्व सैनिकोंऔर शहीद सैनिकोंके आश्रितों को मकान खरीदने पर स्टांप शुल्क में छूट की सीमा 20 लाख से बढ़ाकर 50 लाख रुपये करने तथा शहीद आश्रित को उसके गृह जनपद अथवा निकटवर्ती जनपद मेंसरकारी नौकरी देने का ऐलान किया। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने 27. 50 करोड़ रुपये की लागत से प्रदेश के आठ जनपदों में नवनिर्मित सैनिक कल्याण कार्यालयों का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में शौर्य गाथा पुस्तक का विमोचन भी किया गया, जिसमें प्रदेश के 7 अशोक चक्र, 30 कीर्ति चक्र और 133 शौर्य चक्र से सम्मानित सैनिकों की वीरता का विवरण है।ब्रेले सैनिक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता। उसकी वर्दी बदलती है, लेकिन राष्ट्रभक्ति और देशसेवा का संकल्प कभी नही बदलता। सैनिकों, वीर नारियों और शहीद परिवारोंका सम्मान व स्वाभिमान बनाए रखना डबल इंजन सरकार का संकल्प है। उत्तर प्रदेश में देश विरोधी ताकतों, आतंकवादियों और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है, उनको हमने पहले ही मिट्टी में दफन कर दिया है।सरकार परमवीर चक्र, महावीर चक्र, वीर चक्र, अशोक चक्र, कीर्ति चक्र, शौर्य चक्र, सेना मेडल, वायु सेना मेडल और अन्य पात्र वीरता एवं युद्ध सेवा पदकों के विजेताओं को मिलने वाली एकमुश्त पुरस्कार राशि और वार्षिकी दोगुनी कर रही है। पूर्व सैनिकों और शहीद सैनिकोंके आश्रितोंको संपत्ति खरीदने पर स्टांप शुल्क मेंछूट की सीमा अब 20 लाख से बढ़ाकर 50 लाख रुपये होगी। शहीद के एक आश्रित को उसके गृह जनपद अथवा निकटवर्ती जनपद में सरकारी नौकरी देने की व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री ने पूर्व सैनिकों से गांवों के युवाओं को सेना और पुलिस में भर्ती के लिए तैयार करने, उन्हें नशे से दूर रखने और अनुशासन का महत्व समझाने का आह्वान किया।

पश्चिमी विक्षोभ से बदलेगा उत्तर भारत का मौसम कई राज्यों में बारिश के आसार

एजेंसी,चंडीगढ़ । उत्तर भारत में मौसम का मिजाज अगले दो दिन बदल सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आज व कल पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है। वहीं, उत्तर–पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में भी कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर, लद्दाख और उत्तराखंड में 14 और 15 नवंबर को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी भी हो सकती है। जम्मू–कश्मीर और आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को यानी आज गरज–चमक, बिजली



गिरने और तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी गई है। यहां हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है और ओलों की में 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक हो सकती है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में भी आज व कल कहीं–कहीं हल्की बारिश के आसार हैं। पश्चिमी राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी इन दो दिनों के दौरान हल्की बारिश हो सकती है, जबकि पूर्वी राजस्थान में15 नवंबर को बारिश की संभावना जताई गई है। उत्तराखंड में 15 नवंबर को 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में घने कोहरे की चेतावनी भी जारी की है।

चिराग पासवान का राहुल गांधी पर आरोप, आगामी संसद सत्र को हंगामे की भेंट चढ़ना चाहते हैं

एजेंसी,पटना । केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा फोन टैपिंग का आरोप लगाया जाना संसद के आगामी सत्र को बाधित करने की एक रणनीति है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष पासवान ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी पर ऐसे आरोप लगाने का एक सिलसिला कायम करने का आरोप लगाया, जिन्हें वह न तो प्रमाणित करते हैं और न ही उनकी पुष्टि करते हैं। पत्रकारों द्वारा कांग्रेस के



पूर्व अध्यक्ष के ताजा आरोपों के बारे में पूछे जाने पर पासवान ने कहा, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होने के नाते राहुल गांधी से जिम्मेदारी के साथ बोलने और व्यवहार करने की अपेक्षा की जाती है। लेकिन वह हमेशा आरोप लगाकर भाग जाते हैं। उन्होंने कभी भी अपने लगाए गए आरोपों को प्रमाणित या पुष्ट करने की परवाह नहीं की है।

यूएन में भारत ने नहीं दिया अमेरिका-इजरायल का साथ

एजेंसी,नयी दिल्ली । फिलिस्तीन के मुद्दे पर भारत ने संयुक्त राष्ट्र में एक बार फिर अपनी पारंपरिक विदेश नीति के अनुरूप रुख अपनाया है। अमेरिका और इजरायल के विरोध के बावजूद भारत ने फिलिस्तीनी लोगों के प्राकृतिक संसाधनों पर स्थायी अधिकार से जुड़े प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। संयुक्त राष्ट्र महासभा की दूसरी समिति में 11 नवंबर 2026 को हुए मतदान में भारत समेत 151 देशों ने प्रस्ताव का समर्थन किया। वहीं, अमेरिका और इजरायल सहित सात देशों ने इसके खिलाफ वोट दिया, जबकि 11 देश मतदान से दूर रहे। भारत का यह फैसला इसलिए



महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में इजरायल के साथ उसके रक्षा, सुरक्षा, तकनीक और व्यापारिक संबंध काफी मजबूत हुए हैं। इसके बावजूद फिलिस्तीन के अधिकारों के सवाल पर भारत ने अपने पुराने रुख को बरकरार रखा है। प्रस्ताव का नाम पूर्वी यरुशलम सहित कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में फिलिस्तीनी लोगों की और कब्जे वाले सीरियाई गोलान में अरब आबादी की अपने प्राकृतिक संसाधनों पर स्थायी संप्रभुता है। इसे ग्रुप ऑफ 77 और चीन की ओर से पेश किया गया था। उरुग्वे ने संयुक्त राष्ट्र की दूसरी समिति में समूह की तरफ से इसे प्रस्तुत किया। प्रस्ताव में फिलिस्तीनी लोगों के जमीन, पानी और ऊर्जा जैसे प्राकृतिक संसाधनों पर अधिकारों को मान्यता देने की बात कही गई है। साथ ही इजरायल से कब्जे वाले क्षेत्रों में प्राकृतिक संसाधनों के दोहन, नुकसान और क्षरण से जुड़ी गतिविधियां रोकने की मांग की गई है।

प्रस्ताव में कहा गया है कि यदि कब्जे वाले क्षेत्रों में गतिविधियों के कारण फिलिस्तीनियों के प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान पहुंचता है, तो उन्हें मुआवजा या क्षतिपूर्ति मांगने का अधिकार होना चाहिए। इसमेंपानी की पाइपलाइन, सीवेज नेटवर्क और बिजली व्यवस्था जैसे नागरिक बुनियादी ढांचे की सुरक्षा पर भी जोर दिया गया है। इसके अलावा, जल और भूमि संसाधनों को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों तथा पर्यावरण को प्रदूषित करने वाले अपशिष्ट पदार्थों के निपटान पर रोक लगाने की मांग भी शामिल है। मतदान में अमेरिका, इजरायल, कोलंबिया, पैराग्वे, पलाऊ, नाउरू और माइक्रोनेशिया ने प्रस्ताव के खिलाफ वोट दिया। भारत के साथ चीन, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और जापान समेत कई देशों ने इसका समर्थन किया।

सड़क हादसों का कहर, अलग-अलग दुर्घटनाओं में छह लोगों ने गंवाई जान

संवाददाता,नोएडा। उत्तर प्रदेश के नोएडा में अलग–अलग जगहों पर हुए सड़क हादसों में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने सभी मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, ईकोटेक–तीन थाना क्षेत्र में 13 नवंबर की रात अज्ञात वाहन की टक्कर से साबिर (45) गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

वह बिहार के पूर्णिया जिले के रहने वाले थे और हल्दानी गांव में रहते थे। वहीं, फेस–दो थाना क्षेत्र में गेज़ा रोड के पास एक ट्रैक्टर की टक्कर से शमसुद्दीन (40) की मौत हो गई। उनके भाई शमशाद अली ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इसी थाना क्षेत्र में एक ट्रक की

टक्कर से स्कूटी सवार शुभम पंडित (18) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका चचेरा भाई शिवानंद घायल हो गया। सूरजपुर थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से ठेली लेकर जा रहे हरिओम की मौके पर ही मौत हो गई। वह संभल जिले के रहने वाले थे। इसके अलावा दनकौर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में बागपत निवासी अमन कुमार (21) और दादरी थाना क्षेत्र में उत्तराखंड के अल्मोड़ा निवासी हिमांशु आर्य (25) गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्होंने बताया कि दोनों की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

यूजीसी लागू नहीं होगा, राजा भैया का बड़ा बयान, धीरेंद्र शास्त्री का भी किया बचाव

एजेंसी,नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश की राजनीति में कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के बयान एक बार फिर चर्चा में हैं। यूजीसी के नए नियमों को लेकर सवर्ण समाज के एक वर्ग में जारी नाराजगी के बीच राजा भैया ने साफ कहा है कि ये नियम लागू नहीं होंगे। जब उनसे पूछा गया कि वह इतने विश्वास के साथ यह बात कैसे कह रहे हैं, तो उन्होंने दो टूक अंदाज में जवाब दिया, श्ज्यादा नहीं कहना है लेकिन मैंने कह दिया कि लागू नहीं होगा तो नहीं होगा। इस दौरान राजा भैया ने हिंदुत्व, राजनीतिक दलों और सनातन धर्म को लेकर भी अपनी राय रखी। उन्होंने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के भगवान श्रीकृष्ण पर दिए गए बयान का बचाव किया और श्रीराम कथा रोकने की मांग करने वालों पर भी निशाना साधा। यूजीसी के नियमों को लेकर पूछे गए सवाल पर राजा भैया ने कहा कि इसे लागू नहीं किया जाएगा। हालांकि, उन्होंने अपने दावे के समर्थन में कोई विस्तृत कानूनी या प्रशासनिक वजह नहीं बताई। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब यूजीसी के नियमों को लेकर देश के अलग–अलग हिस्सों में बहस और विरोध की आवाजें सामने आई हैं। राजा भैया ने हिंदुत्व के मुद्दे पर कहा कि हिंदुओं को किसी एक राजनीतिक दल तक सीमित नहीं रहना चाहिए।



यह धरती हमारी है, हम इसके रक्षक हैं।"
-भगवान बिरसा मुंडा

जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर
स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के अंतर्गत

25 लाख
टैबलेट वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन

एवं

लखनऊ, हरदोई, सीतापुर और उन्नाव जनपदों के 300 शैक्षणिक संस्थानों के
50,000+
छात्र-छात्राओं एवं प्रशिक्षणार्थियों को
टैबलेट वितरण

उत्सव प्रदेश



द्वारा
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

गरिमामयी उपस्थिति
केशव प्रसाद मौर्य
उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
ब्रजेश पाठक
उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
मंत्री, औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एम.आर.आई. तथा मिनिरल प्रोडक्शन, उत्तर प्रदेश
योगेन्द्र उपाध्याय
मंत्री, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश
सुनील कुमार शर्मा
मंत्री, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी, उत्तर प्रदेश
दयाशंकर सिंह
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), परिवहन, उत्तर प्रदेश
जसवन्त सिंह सैनी
राज्य मंत्री, संसदीय कार्य तथा प्रौद्योगिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश
रजनी तिवारी
राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश
सुषमा खर्कवाल, राज्य मंत्री, परिवहन, उत्तर प्रदेश
डॉ. लाल जी प्रसाद निर्मल, राज्य मंत्री, वित्त एवं संसदीय कार्य, उत्तर प्रदेश
मुकेश शर्मा, राज्य मंत्री, संसदीय कार्य, उत्तर प्रदेश
रामचंद्र प्रधान, राज्य मंत्री, वित्त एवं संसदीय कार्य, उत्तर प्रदेश
डॉ. महेन्द्र कुमार सिंह, राज्य मंत्री, वित्त एवं संसदीय कार्य, उत्तर प्रदेश
उमेश द्विवेदी, राज्य मंत्री, वित्त एवं संसदीय कार्य, उत्तर प्रदेश
जय देवी, विधायक, मलिहाबाद
डॉ. सोनम जोशी, विधायक, लखनऊ उत्तर
ओ.पी. श्रीवास्तव, विधायक, लखनऊ पूर्व
योगेश शुक्ल, विधायक, काकोरी का सालाना
अजयेन्द्र कुमार, विधायक, मोहनलालगंज
एवं अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि

दिनांक : 15 नवंबर, 2026 | समय : पूर्वाह्न 11:00 बजे | स्थान : राष्ट्र प्रेरणा स्थल, बसंत कुंज, लखनऊ



योजना से आच्छादित विभाग एवं संस्थान : उच्च शिक्षा विभाग | तकनीकी शिक्षा विभाग | प्राविधिक शिक्षा (डिप्लोमा) विभाग | कौशल विकास विभाग | औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI) विभाग | चिकित्सा शिक्षा विभाग | पैरामेडिकल एवं नर्सिंग विभाग | बेसिक शिक्षा विभाग-D.El.Ed | आयुष विभाग | सेवा मित्र पोर्टल पर पंजीकृत कुशल श्रमिक | सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के अंतर्गत विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद (OVOP) प्रशिक्षण योजना | कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग | दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग | संस्कृति विभाग के अंतर्गत भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय | पशुधन विभाग के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विवि | उत्तर प्रदेश में स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय

वर्ष 2021-22 से अब तक 60 लाख विद्यार्थियों को टैबलेट/स्मार्टफोन वितरित

युवा शक्ति की क्षमता अपार-अब हो रहे सपने साकार

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
DD NEWS & Youtube.com/DDNEWS

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076

विकास की गति अपार-डबल इंजन सरकार

सुरक्षा समीक्षा के बाद उपराज्यपाल मनोज सिन्हा पहुंचे वैष्णो देवी दरबार, किए मां के दर्शन

एजेंसी,जम्मू । जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर का दौरा किया और पूजा–अर्चना की। लोक भवन



के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। सिन्हा श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं। यह दौरा मंदिर परिसर में हालिया आतंकी हमलों के मद्देनजर एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा किए जाने के एक दिन बाद हुआ है। मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस साल के पहले 10 महीनों (जनवरी–अक्टूबर) में 83.20 लाख श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए। यह संख्या 2025 में दर्शन करने वाले 69.78 लाख श्रद्धालुओं के आंकड़े को पहले ही पार कर चुकी है। श्रद्धालुओं की यह संख्या 2024 के पूरे साल के 94.84 लाख के आंकड़े के भी तेजी से करीब पहुंच रही है। बयान में कहा गया है, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्री माता वैष्णो देवी जी के पवित्र मंदिर का दौरा किया और मत्था टेका। उन्होंने सभी के लिए शांति, अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की।

लीलावती कान्वेंट स्कूल में बाल मेले का आयोजन





लोक हस्तक्षेप समाचार

उन्नाव। उन्नाव जनपद के स्कूलों में बाल दिवस धूमधाम से बनाया गया। स्कूल के बच्चों ने इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसी श्रृंखला में जनपद के ईदगाह रोड स्थित लीलावती कान्वेंट में भी छात्र –छात्राओं द्वारा बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसका विषय था छोटा सैफ और बड़ी दावत । प्रमुख समाजसेवी संजय राठी जो स्थानीय रामलीला कमेटी के अध्यक्ष भी हैं,उन्होंने इस बाल मेले का उद्घाटन मुख्य अतीत के रूप में किया। श्री राठी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि कल के भारत का भविष्य इन बच्चों के कंधों पर होगा । इन्हें शिक्षा के साथ–साथ प्रेरक प्रसंगों और इसी प्रकार के कार्यक्रमों के द्वारा देशभक्ति की शिक्षा देना भी अनिवार्य है। प्रबंधक अंजू तिवारी ने बच्चों द्वारा की जा रही कड़ी मशक्कत की सराहना करते हुए कहा कि स्कूल का प्रबंध तंत्र हमेशा देश की नींव को और मजबूत करने की दिशा में हमेशा प्रयासरत रहेगा।

छोटे–छोटे बच्चों ने पानी पुरी,मोमोज , चाट ,पाव भाजी ,भेल पूरी, सैंडविच और कॉफी के स्टाल लगाये।

जहां इन बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ जम कर बिक्री की और पैसे कमाए वही उन्होंने जमकर खाया भी। इसके साथ ही अन्य गेम के स्टॉल भी लगे लिहाजा बाल मेले का माहौल और खुशनुमा हो उठा। अंत में प्रधानाचार्य साथ सीतू पाण्डेय ने स्कूल स्टाफ, अविभावकों और छात्र–छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम स्कूल की प्रगति की दिशा में बढ़ते हुए कदम है।

इस मौके पर मुख्य रूप से लक्ष्मी, प्राची शर्मा, आकांक्षा , समीक्षा , अरबिया, प्राची पांडेय, गीता , मीता, प्रतीक्षा, कहकसा, स्नेहा , शगुफ्ता हाशमी, शगुफ्ता इकबाल, वंशिका , रामेंद्र , एकता, खुशनुमा, प्रिया, आदि शिक्षक शिक्षिका मौजूद रही।

नीलगाय सामने आने से बाइक सवार तीन लोग घायल

रायबरेली,संवाददाता। जिले के बछरावां में शनिवार शाम लखनऊ–प्रयागराज नेशनल हाईवे पर बाइक के सामने नीलगाय आ गई। बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे उस पर सवार तीन लोग घायल हो गए। विवेक (21) अपने गांव भवानीगढ़ से भागी रोहिनी (22) और भतीजे युग (6) को बाइक से लेकर लखनऊ जा रहा था। हसनगंज गांव के पास यह घटना हुई। आसपास के लोगों ने विवेक को इलाज के लिए पास के अस्पताल पहुंचाया। रोहिनी और युग को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां ले जाया गया। वहां दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया और हालत ठीक होने पर उन्हें घर भेज दिया गया।

कोहरे में काल बनी रफ्तार, टक्कर के बाद बाइक सवार दो भाइयों की मौत

हरदोई,संवाददाता। कोहरे के बीच तेज रफ्तार ने दो युवकों की जान ले ली। अतरौली थाना क्षेत्र में लूमामऊ–महगवां रोड पर सुजनिया बाजार के पास शनिवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो फुफेरे भाइयों की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक करीब 10 मीटर दूर जा गिरे। हादसे में बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। अतरौली थाना क्षेत्र के गहिरा गांव निवासी राजेंद्र का 27 वर्षीय बेटा अनुज शनिवार सुबह अपने 22 वर्षीय फुफेरे भाई आकाश पुत्र छोटेलाल निवासी फतेहपुर मजरा गोड़वा के साथ बाइक से किसी जरूरी काम के लिए निकला था। दोनों लूमामऊ–महगवां रोड पर सुजनिया बाजार के पास पहुंचे थे। इसी दौरान कोहरे के बीच उनकी बाइक की तेज रफ्तार वाहन से टकरा हो गई।

हादसा इतना जोरदार था कि अनुज और आकाश उछलकर करीब 10 मीटर दूर जा गिरे। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर के बाद बाइक कई टुकड़ों में टूटकर सड़क पर बिखर गई। हादसे की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही अतरौली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर जांच–पड़ताल शुरू कर दी। इसी बीच अनुज और आकाश के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। तब तक मौके पर काफी भीड़ जमा हो चुकी थी। परिजनों ने हादसे में शामिल वाहन की पहचान कर चालक को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की। इस दौरान उनकी पुलिस से झड़प भी हो गई। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। हादसे में शामिल वाहन और उसके चालक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

विचार मंच के कार्यकर्ताओं ने सांसद से यूजीसी बिल, आरक्षण और रोजगार पर जवाब मांगा



सीतापुर,संवाददाता। जनपद में यूजीसी सहित जनहित से जुड़े मुद्दों पर जवाब मांगने के लिए शनिवार दोपहर करीब 3 बजे क्रांतिकारी विचार मंच के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस सांसद राकेश राठौर के आवास का घेराव किया। इस दौरान शहर कोतवाल दिनेश पांडे और सौरभ सिंह के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। सांसद के आवास पर मौजूद नहीं होने से कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताई और आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। संगठन के पदाधिकारियों के मुताबिक, एक नवंबर से सांसद से यूजीसी बिल, एससी–एसटी एक्ट, आरक्षण व्यवस्था, सीतापुर के विकास और युवाओं के रोजगार जैसे मुद्दों पर सार्वजनिक रूप से पक्ष रखने की मांग की जा रही थी। आरोप है कि सांसद की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ सिंह ने कहा कि जनता ने सांसद को अपनी आवाज संसद तक पहुंचाने के लिए चुना है।

वह जनता के सवालों से बच नहीं सकते। उन्होंने चेतावनी दी कि सांसद सीतापुर में जहां भी जाएंगे, संगठन लोकतांत्रिक तरीके से उनका घेराव कर जवाब मांगेगा। राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप अवस्थी ने आरोप लगाया कि सांसद व्यापारियों और कमजोर वर्ग के लोगों को डराने का प्रयास करते हैं। लेकिन जब जनता के सवालों का सामना करने की बारी आई तो वह आवास पर मौजूद नहीं मिले। संगठन अब उनकी चुप्पी स्वीकार नहीं करेगा। प्रदर्शन के दौरान सांसद आवास के पास नगरपालिका की नजूल भूमि पर कथित कब्जे का मुद्दा भी उठाया गया। सौरभ सिंह ने आरोप लगाया कि इस जमीन का इस्तेमाल सांसद की गाड़ियों की पार्किंग के लिए किया जा रहा है। उन्होंने सांसद और जिला प्रशासन को दो महीने का अल्टीमेटम देते हुए निष्पक्ष जांच कराकर जमीन कब्जामुक्त कराने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि तय समय में कार्रवाई नहीं हुई तो उसी जमीन पर संगठन के जिला कार्यालय का नींव पूजन किया जाएगा। प्रदर्शन में राहुल सिंह, जीतू सिंह, भारत सिंह, इंद्रजीत सिंह, रवि सिंह, कुलदीप सिंह, समर बहादुर सिंह, संदीप त्रिवेदी, शिवेंद्र मिश्रा, सोनू सिंह और शिवम तिवारी समेत सैकड़ों क्षेत्रीय नागरिक शामिल रहे।

विवाहिता का शव मिला, पति ने छोटे भाई पर हत्या का आरोप लगाया

सीतापुर,संवाददाता। रामपुर कला थाना क्षेत्र के मदुरी गांव के बाहर शनिवार सुबह यूकेलिप्टस के बाग में 30 वर्षीय पिंकी देवी का शव मिला। उनके पति प्रदीप ने अपने छोटे भाई अनूप कुमार पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, पिंकी देवी 13 नवंबर की रात करीब 10.30 बजे घर से शौच के लिए निकली थीं, लेकिन वापस नहीं लौटीं। परिजनों ने रातभर उनकी तलाश की, लेकिन उनका पता नहीं चला। शनिवार सुबह गांव के पश्चिम में सुरजनपुर निवासी दुर्गेश सिंह के यूकेलिप्टस के बाग में उनका शव मिलने की सूचना मिली। इसके बाद परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सूचना पर क्षेत्राधिकारी सिंधौली वेद प्रकाश श्रीवास्तव, थाना प्रभारी लल्ला गोस्वामी और चौकी प्रभारी दिनेश सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्रदीप ने अपने छोटे भाई अनूप कुमार, पुत्र महेश कुमार, पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि अनूप के पिंकी देवी से कथित अवैध संबंध थे और इसे लेकर परिवार में अक्सर विवाद होता था। प्रदीप ने यह भी आरोप लगाया कि अनूप उन्हें जान से मारने की धमकी देता था। इन आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है। पिंकी देवी के तीन बच्चे हैं। आदित्य (10), पायल (9) और अमोल (4)। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

एएसपी ने बताया कि मायके पक्ष की ओर से तहरीर मिलने के बाद मामले में नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर घटना से जुड़े तथ्यों का पता लगाया जाएगा।

बाल दिवस पर बाल मेले का आयोजन

हरदोई,संवाददाता। जिले के माधौगंज क्षेत्र स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय सदरियापुर मैबाल दिवस पर बैगलेस डे गतिविधियों के तहत बाल मेला लगाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम प्रधान रामस्वरूप, प्रभारी प्रधानाध्यापक नीरज कुमार गुप्ता, सहायक अध्यापक गौरव कुमार सिंह और सहायक अध्यापिका प्रियंका श्रीवास्तव ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके की। मेले में बच्चों ने सात काउंटर लगाए। इनमें कूपन वितरण, पढ़ने–लिखने की सामग्री, चॉकलेट, बिस्कुट, टॉफी, नमकीन और स्वास्थ्यवर्धक दवाइयों के स्टॉल शामिल थे। आंशू सचिन, वर्षा, रचना, कुमकुम, फलक, राधिका और काजल समेत छात्र–छात्राओं ने काउंटरों पर भाग लिया।

शिक्षण संस्थानों में हर्षोल्लास के साथ मनाया बाल दिवस

रायबरेली,संवाददाता। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू की जयन्ती शिवगढ़ क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों में हर्षोल्लास के साथ बाल दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालयों में सुबह 9.00 बजे से शाम 4.30 बजे तक कहीं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तो कहीं भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों की प्रतिभा और रचनात्मकता को मंच प्रदान किया गया। बाल दिवस पर क्षेत्र के श्री बरखण्डी विद्यापीठ इण्टर कॉलेज शिवगढ़, केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़, राजकीय बालिका हाईस्कूल ओसाह, न्यू पब्लिक एकाडमी इण्टर कॉलेज भवानीगढ़, जनता इण्टर कॉलेज गूढ़ा, श्री शिवकुमार त्रिवेदी कैरियर प्लस इण्टर कॉलेज शिवगढ़ तथा कम्पोजिट विद्यालय शिवगढ़, गूढ़ा और बेड़ारु में खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। वहीं आरडीआरके पब्लिक स्कूल शिवगढ़, आरपीटी पब्लिक स्कूल ओसाह, सरस्वती शिशु मन्दिर इण्टर कॉलेज शिवगढ़, आदर्श कृषक विद्यालय भौसी और केडीएच न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल बैती में भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया।

आरडीआरके पब्लिक स्कूल में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सभासद प्रतिनिधि अजय वर्मा एवं प्रधानाचार्य रविकान्त वर्मा ने बाल मेले में लगाए गए विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया तथा छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर अनुज मिश्रा, अरुण उपाध्याय, विवेक सिंह, अमित कुमार, श्रुति शुक्ला, जानवी शुक्ला, प्रशांशी श्रीवास्तव, अंशिका श्रीवास्तव और अभिषेक बाजपेई सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में सरस्वती शिशु मन्दिर इण्टर कॉलेज शिवगढ़ में विद्यालय के प्रबन्धक एवं पूर्व सैनिक हरिशंकर पाण्डेय, प्रधानाचार्य शिवपाल यादव ने बाल मेले में लगाए गए स्टालों का निरीक्षण कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर आचार्या बहन किरण त्रिवेदी, आकांक्षा शुक्ला, अपूर्वा त्रिपाठी, स्वाती यादव, महक मौर्या, शालिनी, आचार्य भानु यादव, शैलेंद्र कुमार, महादेव, धीरेंद्र सिंह, बुद्धि लाल और अभिषेक त्रिवेदी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। बाल दिवस के आयोजनों ने बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ ही सीखने, समझने और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान किया।

छप्पर के नीचे अलग–अलग फंदों पर लटके मिले प्रेमिका और प्रेमी के शव

सीतापुर,संवाददाता। जिले में शनिवार सुबह 6 बजे प्रेमी–प्रेमिका के शव मिले। दोनों छप्पर के नीचे अलग–अलग फंदों पर लटके थे। 20 साल की प्रेमिका की शादी 6 महीने पहले ही हुई थी। वह करवाचौथ पर मायके आई थी। बताया जा रहा है कि युवती शुक्रवार रात 22 साल के प्रेमी से मिलने पहुंची थी। शनिवार सुबह गांव के लोगों ने दोनों के शवों को लटकते देखा और पुलिस को सूचना दी। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों के अफेयर का पता चलने के बाद पिता ने बेटी की शादी कर दी थी, लेकिन वह शादी से खुश नहीं थी। घटना जिला मुख्यालय से 55 किमी दूर रेउसा थाना क्षेत्र की है। अमलोरा गांव के रहने वाले दिलीप शुक्ला (22) के पिता किसान हैं। वह पिता के साथ खेती में हाथ बंटाता था। प्रेमिका रुचि भी इसी गांव की थी। उसके पिता भी खेती–बाड़ी करते हैं। उसकी एक छोटी बहन है। दिलीप और रुचि कुमारी का 2–3 साल से अफेयर चल रहा था। दोनों के घरों की दूरी करीब 50 मीटर है। 8 महीने पहले इसकी जानकारी रुचि के पिता को हुई। उन्होंने बेटी से दिलीप से दूरी बनाने को कहा, लेकिन वह नहीं मानी। पिता ने 6 महीने पहले रुचि की शादी दूसरे लड़के से कर दी। 29 अक्टूबर को करवाचौथ पर रुचि अपने मायके आई थी। तब से यहीं रह रही थी। इस दौरान दोनों की कई बार मुलाकात हुई। शुक्रवार रात करीब 10 बजे रुचि दिलीप से मिलने उसके घर के पास बने बैठक में गई थी। दिलीप रात को इसी छप्परनुमा बैठक में सोता था। शनिवार सुबह जब लोग वहां से गुजरे तो घटना का पता चला। रेउसा थानाध्यक्ष हनुमंत तिवारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों परिवार वालों से पूछताछ की। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर जांच की।

महिलाओं ने 36 घंटे का निर्जला–व्रत शुरू किया, आज देंगी सूर्य को अर्घ्य

प्रतापगढ़,संवाददाता। जिले के बेल्हा में 4 दिवसीय छठ महापर्व के दूसरे दिन शनिवार को महिलाओं ने खरना किया। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो गया। व्रती महिलाओं ने स्नान के बाद गुड़ की खीर बनाई। छठ मइया को भोग लगाने के बाद प्रसाद ग्रहण किया। बेल्हा देवी धाम स्थित सई नदी घाट पर नगर पालिका की ओर से तैयारियां की गई हैं। सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी के निर्देश पर घाटों की सफाई कराई गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अर्पण कलश और चेंजिंग रूम बनाए गए हैं। सुरक्षा के मद्देनजर बैरिकेडिंग की गई है। इसके अलावा नाविकों की तैनाती, पेयजल, रोशनी और अन्य जरूरी सुविधाओं का इंतजाम किया गया है। शनिवार को बड़ी संख्या में व्रती महिलाएं सई नदी घाट पहुंचीं। उन्होंने रविवार की पूजा के लिए अपने स्थान तय किए और बेदी तैयार की। महिलाओं ने घाट की सफाई कर पूजन स्थल व्यवस्थित किया।रविवार शाम को व्रती महिलाएं सई नदी में खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगी। सोमवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ मइया की पूजा करेंगी।

रोजगार मेले में 476 अभ्यर्थियों का चयन,1062 युवाओं ने लिया हिस्सा

रायबरेली,संवाददाता। जिले के सलोन में शनिवार को रोजगार मेले में 1062 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। इनमें से करीब 476 का अलग–अलग कंपनियों में चयन हुआ। मेले में 23 कंपनियां शामिल हुईं। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत जिला सेवायोजन कार्यालय रायबरेली (मॉडल करियर सेंटर) ने 181 सलोन विद्यानसभा क्षेत्र के स्व. दलबहादुर कोरी राजकीय पॉलीटेक्निक, गोपालपुर डीह में मेले का आयोजन किया। कार्यक्रम में सलोन विधायक अशोक कोरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता, जिला सेवायोजन अधिकारी डॉ. दिनकर कुमार और राजकीय पॉलीटेक्निक के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार भी मौजूद रहे।

मेले का उद्देश्य क्षेत्र के बेरोजगार युवक–युवतियों को निजी कंपनियों से जोड़कर रोजगार के अवसर देना था।

मासूम बच्ची का शव घर में मिला

सीतापुर,संवाददाता। जिले में शनिवार सुबह करीब 9 बजे 5 साल की मासूम बच्ची का शव घर में मिला। बच्ची की मां मायके गई थी। मौत की खबर सुनते ही वो घर पहुंची। पत्नी ने अपने पति पर ही बेटी की गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया। पत्नी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस का कहना है कि शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पूरा मामला जिला मुख्यालय से करीब 65 किमी दूर रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के गांव मिस्टा का है। मिस्टा गांव के रहने वाले मनोज पुत्र रणविजय की शादी बहराइच की चांदनी के साथ वर्ष 2020 में हुई थी। दोनों बेटियां ढाई साल की प्रतिमा व 5 साल की अनन्या थी। मनोज मजदूरी करते हैं। पुलिस के अनुसार, चांदनी पति से झगड़े के बाद करीब एक सप्ताह से अपने मायके चली गई थी।

साथ में छोटी बेटी को भी लेकर गई थी। उनकी बड़ी बेटी अनन्या अपने पिता मनोज के साथ घर पर ही थी। मनोज किसी काम से शुक्रवार को लखनऊ गया था। वो रात करीब 10 बजे लौटा था। अनन्या अपनी दादी और पिता के साथ एक ही तख्त सोई थी। शनिवार की सुबह करीब 3 बजे दादी सरिता ने करवट ली तो देखा कि अनन्या की बॉडी में में कोई हरकत नहीं हो रही है। उसका शरीर ठंडा पड़ गया था। कई बार जगाने पर भी कोई हलचल नहीं हुई तो दादी ने बेटे को बताया। मनोज आनन फानन में गांव से ही झाड़ फूंक के लिए तांत्रिक को लेकर आए। लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। इसके बाद अनहोनी की आशंका हुई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की मां चांदनी ने अपने पति पर ही गला दबाकर हत्या किए जाने आरोप लगाया है। बच्ची के नाना ने थाने में बिना किसी आरोपों के तहरीर देकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की है।

सरस्वती विद्या मंदिर में बाल मेले का आयोजन

लोक हस्तक्षेप समाचार

खागा फतेहपुर। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज खागा में आज 14 नवंबर को चाचा नेहरू की याद में बाल मेले का आयोजन किया गया। शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य ने दीप प्रज्ज्वलन से किया । कार्यक्रम प्रमुख चंद्रगुप्त ने बताया कि इस बाल मेले में 84 स्टॉल के माध्यम से 350 भैया–बहनों ने विभिन्न आर्थिक गतिविधियों में अपनी सक्रियता दिखाई।प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह ने कहा कि बाल मेले का उद्देश्य व्यावसायिक प्रतिभा को निखारना है तथा जीवन में आने वाली विभिन्न प्रकार की चुनौतियों का सामना करने की सामर्थ्य को विकसित करना है।आर्थिक गतिविधियों के माध्यम से भैया–बहन अपने जीवन को सफल बना सकते हैं।

हिस्से के बंटवारे को लेकर हुआ विवाद भाई को मारी गोली,आरोपी फरार

सीतापुर,संवाददाता। जिले के मछरेहटा थाना क्षेत्र के राठौरपुर गांव में शनिवार दोपहर करीब 2 बजे संपत्ति के बंटवारे को लेकर दो सगे भाइयों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि बड़े भाई सुनील सिंह ने छोटे भाई अभय प्रताप सिंह पर अवैध असलहे से गोली चला दी। गोली लगने से अभय गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक, राठौरपुर निवासी अभय प्रताप सिंह का अपने बड़े भाई सुनील सिंह से काफी समय से संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार को इसी बात पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर सुनील ने अवैध असलहे से अभय पर फायर कर दिया। गोली लगते ही अभय लहूलुहान होकर गिर पड़े। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। परिजन घायल अभय को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछरेहटा लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उनका उपचार किया। सीएचसी के चिकित्सक डॉ. अवनीश कुमार ने बताया कि घायल की हालत फिलहाल खतरे से बाहर है। बेहतर इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि आरोपी सुनील सिंह हत्या के एक मुकदमे में करीब 20 साल जेल में सजा काट चुका है। लगभग एक साल पहले ही वह जेल से छूटकर घर लौटा था। अब छोटे भाई पर गोली चलाने के आरोप में पुलिस उसकी तलाश कर रही है। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक इतुल चौधरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत,परिजनों में शोक

रायबरेली,संवाददाता। जिले के सलोन थाना क्षेत्र में उमरन पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 19 वर्षीय राजू की मौत हो गई। इलाज के दौरान सीएचसी रोहनिया में उसने दम तोड़ दिया। ऊंचाहार थाना क्षेत्र के बछैयापुर गांव निवासी राजू, नोखेलाल का बेटा था। वह किसी काम से उमरन चौराहा गया था। घर लौटते समय अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। राजू बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद चालक वाहन लेकर मौके से भाग गया। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने राजू को सीएचसी रोहनिया पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर सलोन और ऊंचाहार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। राजू कक्षा आठवीं तक पढ़ा था। वह अपने बड़े भाई आजाद यादव के साथ दिल्ली की एक फैक्ट्री में काम करता था। करीब एक महीने पहले ही गांव आया था। वह दो भाइयों और दो बहनों में तीसरे नंबर पर था। राजू की मां विद्या देवी और पिता नोखेलाल का रो–रोकर बुरा हाल है।

शहर और आसपास के इलाकों में घने कोहरे का असर

हरदोई,संवाददाता। जिले में नवंबर के मध्य में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। 14 नवंबर शनिवार सुबह 6 से 7 बजे शहर और आसपास के इलाकों में घने कोहरे का असर देखने को मिला। शाहजहांपुर रोड पर सुबह करीब 7 बजे दृश्यता बेहद कम दर्ज की गई। मौके पर स्थिति ऐसी रही कि 10 मीटर की दूरी के बाद आगे का कुछ भी स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहा था। यानी इस मार्ग पर विजिबिलिटी लगभग 10 मीटर तक सिमट गई। सड़कों पर कोहरे की मोटी परत छाने से वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर सुबह घरों से निकलने वाले नौकरीपेशा लोगों, स्कूली बच्चों और लंबी दूरी तय करने वाले वाहन चालकों के लिए मुश्किल बढ़ गई है। सड़क पर आगे चल रहे वाहनों को देखने में भी परेशानी हो रही है। मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक, 14 नवंबर को हरदोई में अधिकतम तापमान करीब 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। सुबह के समय कोहरा और धुंध बने रहने की संभावना जताई गई है। दिन चढ़ने के साथ धूप निकलने और कोहरे का असर कम होने की उम्मीद है। मौसम में आए इस बदलाव के साथ सुबह और रात के तापमान में अंतर भी महसूस किया जा रहा है। आने वाले दिनों में भी सुबह के वक्त धुंध और कोहरे की स्थिति बनी रह सकती है। कम दृश्यता के बीच वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। वाहन की रफ्तार कम रखें, आगे चल रहे वाहन से पर्याप्त दूरी बनाए रखें और फॉग लाइट का इस्तेमाल करें। बिना जरूरत ओवरटेक करने से बचें। थोड़ी सी लापरवाही भी हादसे की वजह बन सकती है। मौसम के इस बदलाव के साथ ही जिले में सर्दी का असर भी धीरे–धीरे बढ़ने लगा है।

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ की बैठक 4 दिसंबर को

लोग हस्तक्षेप समाचार

लखनऊ। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ की राष्ट्रीय बैठक दिनांक 4 दिसंबर 2026 को भोपाल में राष्ट्रीय अध्यक्ष के. गणेशन की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। बैठक में पूरे देश के राष्ट्रीय पदाधिकारी, विभिन्न राज्यों के अध्यक्ष, मंत्री, कार्यकारिणी सदस्य एवं कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। राष्ट्रीय बैठक में देशभर के राज्य कर्मचारियों विशेषकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों एवं विभिन्न विभागों में कार्यरत संविदा और अन्य श्रेणी के कर्मचारियों की लंबित समस्याओं तथा मांगों पर गंभीरता से विचार–विमर्श किया जाएगा।

जनरल सेकेटरी सुरेश यादव ने बताया कि मुख्य मांगों में समस्त राज्यों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के स्वीकृत रिक्त पदों को शीघ्र भरने के आदेश जारी किए जाएं। नई पेंशन व्यवस्था समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना तत्काल बहाल की जाए। आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, रसोइयों एवं पीआरडी जवानों का न्यूनतम वेतन 50,000 प्रतिमाह निर्धारित किया जाए तथा उन्हें राज्य कर्मचारी घोषित किया जाए। आठवें वेतन आयोग को शीघ्र लागू करने की घोषणा की जाए। कोविड काल के दौरान रोके गए 17 महीने के महंगाई भत्ते (डीए) एवं अन्य लंबित देयकों का भुगतान किया जाए। पुलिस विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नति के पर्याप्त अवसर प्रदान किए जाएं। राज्य कर्मचारियों को जीएसटी एवं केंद्रीय जीएसटी के अंतर्गत खरीदारी पर न्यूनतम 30 प्रतिशत छूट प्रदान की जाए। राजकीय कार्य के दौरान दुर्घटना में मृत्यु अथवा गंभीर रूप से घायल होने पर कर्मचारी को 50 लाख का मुआवजा दिया जाए। नियुक्ति से सेवानिवृत्ति तक अर्जित अवकाश की गणना कर नियमानुसार अवकाश नकदीकरण का भुगतान किया जाए। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा के लिए ₹20 लाख तक ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाए तथा दो वर्ष की छूट दी जाए। महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव सुरेश सिंह यादव ने बताया कि इससे पूर्व दिनांक 7 मई 2026 को नई दिल्ली के जंतर–मंतर पर देशभर के कर्मचारियों एवं महासंघ के पदाधिकारियों द्वारा 17 सूत्रीय मांगों को लेकर माननीय प्रधानमंत्री जी को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया था। दुर्भाग्य की बात है कि आज तक ज्ञापन के किसी भी एक बिंदु पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई और न ही महासंघ के प्रतिनिधियों के साथ कोई वार्ता की गई। श्री यादव ने कहा कि यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि देशभर के कर्मचारी संगठन लगातार अपनी समस्याओं को शासन–प्रशासन के सामने रख रहे हैं, लेकिन उनकी आवाज को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

उत्तरप्रदेश ग्रामीण बैंक में साइबर फ्रॉड मॉनिटरिंग सेल की व्यवस्था शुरू

लखनऊ,संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश में साइबर अपराध की रोकथाम और नागरिकों की डिजिटल सुरक्षा को मजबूत करने के प्रयासों के बीच उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के प्रधान कार्यालय में साइबर फ्रॉड रोकथाम एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बैंकिंग तंत्र और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय, तकनीकी निगरानी तथा जागरूकता के माध्यम से साइबर ठगी रोकने पर जोर दिया गया। सतर्कता जागरूकता अभियान 2026 के अंतर्गत कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक के अध्यक्ष यादव एस. ठाकुर ने की।

स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ ने दी चेतावनी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ ने कई वर्षों से लंबित अपनी समस्याओं,मांगों पर निस्तारण न होने पर एक बार फिर आन्दोलन की चेतावनी दी है।

महासंघ के अध्यक्ष शशि कुमार मिश्रा ने कहाकि उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ ने कई वर्षों से लंबित अपनी समस्याओं,मांगों पर प्रदेश के नगर विकास मंत्री को पत्र प्रेषित किया गया था इसमें यह कहा गया था लंबित मांगों के समाधान न होने पर महासंघ न्यायालय के शरण में गया और न्यायालय ने दि7 जुलाई को समयवृद्ध नगर विकास विभाग को समस्याओं का समाधान करने का आदेश पारित किया गया था। उसके बाद 3 महीने व्यतीत होने के बाद भी नगर विकास मंत्रालय द्वारा महासंघ की लंबित मांगों पर कोई कार्यवाई नहीं की गई। इसका संज्ञान लेने हेतु महासंघ ने मुख्यमंत्री सहित,नगर विकास मंत्री व अन्य उच्च अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर समयवृद्ध कार्यवाही का अनुरोध किया गया था। जिसके क्रम में आज मंत्री के तेज पोर्टल से सूचना प्राप्त हुई कि मंत्री के निजी सचिव प्रमुख सचिव नगर विकास को अग्रसारित किया गया। लेकिन दुर्भाग्य है कि पिछले कई वर्षों से मंत्री को महासंघ लगातार व्यक्तिगत मुलाकात कर एवं बाई डाक द्वारा उनके कार्यालय और उनके आवास पर पत्र प्रेषित किया जाता रहा लेकिन उनके निजी सचिव द्वारा उन पत्रों का मार्किंग की जाती है। जो दुर्भाग्य है कि मंत्री को महासंघ की लंबित मांगों पर न समय है, और ना ही समस्याओं के समाधान हेतु कोई कार्यवाही की जा रही है बहुत बड़ा जो दुर्भाग्य है।

प्रदेश के लाखों लाख स्थानीय निकाय कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर पिछले 8–9 वर्षों से लगातार संघर्ष कर रहे हैं। इन परिस्थितियों में महासंघ निकट भविष्य में बहुत बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर है।

लेखा परीक्षकों की मांगों पर चर्चा

लोक हस्तक्षेप समाचार

लखनऊ। जवाहर भवन (इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ भवन) में केन्द्रीय कार्यकारिणी उ.प्र. सहकारी लेखा परीक्षक संघ की मीटिंग हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष हरिश्चन्द्र गौतम ने की, जिसमें कार्यकारिणी द्वारा कई मांगें रखी गयीं। संघ की तरफ से सुशील कुमार बच्चा ने मांगों को बारे में बताया कि सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी को राजपत्रित किया जाना। हमारे यहाँ 4600 ग्रेड पे का कोई पद नहीं है के कारण इसे डेड किया जाय।

प्रीआरटी के आधार पर ज्वाइनिंग तिथि से 4 वर्ष सेवा के पश्चात उसे 5400 ग्रेड पे दिया जाना। . नव नियुक्त लेखा परीक्षकों का विज्ञापन नियमावली संशोधन के पहले का होने के आधार पर इसमें शिथिलीकरण करते हुए उन्हें ज्येष्ठ लेखा परीक्ष) तीन वर्ष में किया जाय। बैठक के दौरान उप्र लेखा एवम लेखा परीक्षा सेवा परिसंघ के प्रदेश अध्यक्ष, सुशील कुमार बच्चा ने अपने उद्बोधन में कहा है कि सहकारी समितियों एवं पंचायतों उप्र के लेखा परीक्षकों की जो जायज मांगें हैं, उनको प्राथमिकता के आधार पर दूर कराने के प्रयास किया जायेगा। बैठक में अशोक कुमार,अंकुर मिश्रा, मानसी पाल, अरुण सिंह, डा० गुरुदेव सिंह, कैलाश गिरी,अभिषेक प्रताप सिंह अनूप रावत, अजय कुमार, सौरभ द्विवेदी, सौरभ राय, दीपक सिंह, शैलेश यादव, चन्दन कुमार, अश्विनी कुमार, विकाश सिंह, रणधीर सिंह आदि शामिल रहे।

पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल कर ने लिये अभियान–रिणवा

लखनऊ,संवाददाता। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2027 की तैयारियों के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारियों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

एकमुश्त समाधान योजना से नगर निगम को मिले 24.82 करोड़ रुपये

लोक हस्तक्षेप समाचार

लखनऊ। नगर निगम लखनऊ की ओर से बकाया गृहकर की वसूली और करदाताओं को राहत देने के उद्देश्य से लागू की गई एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के तहत नगर निगम को अच्छा प्रतिसाद मिला है। 15 अगस्त से 14 नवंबर 2026 तक संचालित इस योजना में कुल 24,920 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 10,640 आवेदकों ने योजना के तहत धनराशि जमा कराई। इससे नगर निगम को कुल 24 करोड़ 82 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि करदाताओं को 10 करोड़ 31 लाख रुपये के ब्याज में छूट का लाभ मिला।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी विनय कुमार राय ने बताया कि योजना के अंतिम दिन 14 नवंबर को भी बड़ी संख्या में करदाताओं ने आवेदन किया। एक दिन में कुल 1,144 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 431 आवेदन स्वीकृत किए गए, 699 आवेदन प्रक्रिया में हैं, जबकि 14 आवेदन निरस्त किए गए। अंतिम दिन 210 करदाताओं ने भुगतान किया, जिससे नगर निगम को 35 लाख 63 हजार रुपये की धनराशि प्राप्त हुई।उन्होंने बताया कि योजना की पूरी अवधि में प्राप्त कुल 24,920 आवेदनों में से 249 आवेदन निरस्त किए गए हैं। वहीं, जिन करदाताओं ने निर्धारित अवधि में आवेदन कर दिया है और उनके आवेदन स्वीकृत हो चुके हैं, लेकिन किसी कारणवश अभी तक भुगतान नहीं किया है, उन्हें 15 दिसंबर 2026 तक धनराशि जमा करने का अवसर मिलेगा। हालांकि, निरस्त आवेदनों पर यह सुविधा लागू नहीं होगी। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल के निर्देशन एवं नगर आयुक्त गौरव कुमार के मार्गदर्शन में लगातार निगरानी की गई। योजना की प्रगति, प्राप्त आवेदनों और राजस्व जमा होने की स्थिति की नियमित समीक्षा की गई। विशेष रूप से अंतिम दिन भी आवेदन और भुगतान की स्थिति पर नजर रखी गई। ओटीएस योजना को करदाताओं तक पहुंचाने और बकाया गृहकर की वसूली में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी श्री विनय कुमार राय जी, सभी जोनल अधिकारियों,कर अधीक्षकों, कर निरीक्षकों एवं अन्य संबंधित कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इन अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने–अपने क्षेत्रों में सक्रियता से कार्य करते हुए करदाताओं को योजना की जानकारी देने, आवेदन प्रक्रिया में सहयोग करने और अधिक से अधिक राजस्व जमा कराने के लिए प्रयास किए। नगर निगम के सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों से योजना को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सका।ओटीएस योजना की निर्धारित अवधि 14 नवंबर को समाप्त हो गई है। ऐसे में निर्धारित अवधि के बाद जमा होने वाले बकाया गृहकर पर ब्याज में छूट का लाभ नहीं मिलेगा। नगर निगम अब नियमानुसार बकाया गृहकर की वसूली की कार्यवाही करेगा।

डाला छठ पर गंगा में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए एनडीआरएफ की नौ टीमें तैनात

वाराणसी,संवाददाता। डाला छठ पर गंगा घाटों,कुंडों,तालाबों और जलाशयों में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अस्ताचलगामी और उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के दौरान अप्रिय घटना रोकने और आपात स्थिति में तत्काल मदद पहुंचाने के लिए 11वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीमें तैनात रहेंगी।अग्निशमन विभाग ने भी शहर के आठ प्रमुख घाटों और सरोवरों पर कर्मियों की विशेष ड्यूटी लगाई है। एनडीआरएफ के कमांडिंग आफिसर अनूप सिंह बिष्ट ने बताया कि वाराणसी के गंगा घाटों के अलावा बनारस रेल इंजन कारखाना (बीएलडब्ल्यू) स्थित सूर्य सरोवर और शिवपुर के गणेश पोखरा में भी बचाव दल तैनात होंगे। इसके अलावा चंदौली, गोरखपुर में भी उनकी टीमें रहेंगी। कबीर नौ टीमों में प्रत्येक के साथ 30 प्रशिक्षित बचावकर्मी होंगे। जरूरत पड़ने पर टीमों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। टीमों को रेस्क्यू मोटर बोट, वाटर एम्बुलेंस, लाइफ जैकेट, लाइफ बाय, आक्सीजन सिलेंडर और अन्य जीवनरक्षक उपकरण दिए गए हैं। प्रशिक्षित गोताखोरों और पैरामेडिकल स्टाफ की मदद से डूबने की घटनाओं में बचाव और प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराई जाएगी। एनडीआरएफ मुख्यालय में बचाव दल और उपकरण 24 घंटे तैयार रहेंगे। अग्निशमन कर्मियों की ड्यूटी लाट भैरव, मार्कण्डेय महादेव, चितरंजन पार्क, दशाश्वमेध घाट, वरुण ब्रिज एवं शास्त्री घाट, सूर्य सरोवर, अस्सी घाट और शूलटंकेश्वर महादेव मंदिर पर रहेगी।

चिकित्सा सचिव का सेवा निवृत्त कार्मिकों को आश्वासन

लखनऊ। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चिकित्सा,स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की सचिव श्रीमती रितु माहेश्वरी , निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं रवि रंजन एवं संघ के प्रतिनिधियों के साथ, चिकित्सा प्रतिपूर्ति में आ रही कठिनाइयों को लेकर वार्ता हुई। जिसमें उन्होंने सेवानिवृत्त कार्मिकों को समस्याओं के निराकरण में कार्रवाई का आश्वासन दिया।

बैठक में इं शिव शंकर दुबे, एन पी त्रिपाठी, इं क्षमा नाथ दुबे , ओंकारनाथ तिवारी एवं अन्य संगठनों के पदाधिकारियों के साथ के साथ, सेवानिवृत्ति डिप्लोमा इंजीनियर्स कल्याण संघ के अध्यक्ष इं आरके भाटिया तथा कार्यकारी अध्यक्ष इं दिवाकर राय शामिल रहे। वार्ता कहा गया कि पारिवारिक पेंशनर के आश्रित की आय सीमा 3500 हजार से बढ़ाकर 9000 का आदेश शीघ्र कर दिया जाएगा। अग्रेषण पत्र, फॉरवर्डिंग लेटर के संबंध में तय हुआ कि आज ही समस्त विभागाध्यक्षों को पत्र प्रेषित कर दिया जाएगा की सेवानिवृत्ति कार्मिकों के साथ के साथ, सेवानिवृत्ति डिप्लोमा इंजीनियर्स कल्याण संघ के विरुद्ध आज ही पूरे प्रकरण(चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावा)के लिएछ30 का शासनादेश जारी हो गया। लखनऊ में समस्त विभागों तथा अन्य जनपदों में भी निशुल्क हेल्प डेस्क की स्थापना हेतु, विभाग अध्यक्षों को,पत्र जारी कर दिया जाएगा। पोर्टल पर ई मेल आई डी की बाध्यता,अनिवार्यता समाप्त कर दी गई। पारिवारिक पेंशनरों के लिए, ऑनलाइन दावा प्रस्तुत करने हेतु, स्पष्ट प्रावधान कर दिया जाएगा। लंबित चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों के निस्तारण हेतु, अगली बैठक में विचार किया जाएगा। त्रुटि पूर्ण दावों को निरस्त करने के स्थान पर,निस्तारण प्रक्रिया पर विचार चल रहा। शपथ पत्र के स्थान पर ,स्व– घोषणा पत्र, स्वीकार कर लिया गया है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल, महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे पर कांग्रेस नेतृत्व ने फिर जताया भरोसा, पुनः सौंपी कमान



वाराणसी,संवाददाता। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश के क्रम में जिला एवं महानगर अध्यक्षों की पूर्व सूची के अनुरूप पुनः नियुक्ति को हरीझांडी देने के बाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे को अपने पद पर बने रहेंगे। जिला अध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल एवं महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने शीर्ष नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी , राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम, प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना , पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं राष्ट्रीय सचिव वरुण चौधरी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने हम पर पुनः विश्वास जताते हुए संगठन की जिम्मेदारी सौंपी है। समस्त कांग्रेसजनों, वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं जमीनी स्तर पर संघर्ष करने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता का हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त करते हैं। सभी कार्यकर्ताओं ने पूरी ऊर्जा, ताकत और समर्पण के साथ संगठन का साथ दिया है। उनके सहयोग और सामूहिक प्रयासों के बल पर ही हम संगठन को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने में आगे लगातार आगे बढ़ रहे है यह जिम्मेदारी हम सभी कांग्रेसजनों की सामूहिक मेहनत और विश्वास का परिणाम है।

दोनों अध्यक्षों ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी वाराणसी की सभी विधानसभा सीटों पर पूरी मजबूती और नई ऊर्जा के साथ चुनावी मैदान में उतरेगी। संगठन को प्रत्येक बूथ तक मजबूत किया जाएगा और कार्यकर्ता सड़क से लेकर हर गांव, मोहल्ले और वार्ड तक आम मतदाताओं के बीच पहुंचकर जनसंघर्ष करेंगे। जनता की समस्याओं और जनहित से जुड़े मुद्दों को पूरी ताकत के साथ उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा ,महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बदहाल सड़कें, सीवर, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और आम जनता से जुड़े तमाम बुनियादी मुद्दों पर कांग्रेस लगातार आवाज उठाती रहेगी। जनता के अधिकारों और उनकी समस्याओं को लेकर सड़क पर संघर्ष करना कांग्रेस कार्यकर्ताओं की प्राथमिकता होगी। आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए बूथ स्तर पर संगठन का विस्तार, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने और प्रत्येक मतदाता तक कांग्रेस की विचारधारा एवं नीतियों को पहुंचाने का अभियान तेज किया जाएगा। कार्यकर्ताओं का सम्मान, संगठन की मजबूती और जनता की आवाज बनना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन और कार्यकर्ताओं की एकजुटता के साथ वाराणसी में कांग्रेस को नई मजबूती प्रदान की जाएगी। हम पूरी निष्ठा, ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ जनता के बीच रहकर संघर्ष करेंगे और आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मजबूत स्थिति में लाने के लिए दिन–रात मेहनत करेंगे।

मुख्यमंत्री ने सोमेंद्र तोमर के पिता को दी श्रद्धांजलि

लखनऊ,संवाददाता। पूर्व सैनिकों के सम्मान में आयोजित समारोह में शामिल होने मेरठ पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. सोमेंद्र तोमर के शास्त्रीनगर स्थित आवास पहुंचकर उनके दिवंगत पिता महेंद्र सिंह तोमर को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और शोकाकुल परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को मेरठ दौरे पर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मेरठ कैंट स्थित कुलवंत सिंह स्टेडियम में आयोजित पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह में प्रतिभाग किया और पूर्व सैनिकों को संबोधित कर उनका उत्साहवर्धन किया। समारोह के बाद मुख्यमंत्री शास्त्रीनगर स्थित राज्यमंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर के आवास पहुंचे। यहां उन्होंने स्वर्गीय महेंद्र सिंह तोमर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और परिवार के सदस्यों के बीच बैठकर उनका हालचाल जाना।

जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर कांग्रेसजनों ने अस्पतालों में किया फल वितरण

वाराणसी,संवाददाता। प्रथम प्रधानमंत्री एवं आधुनिक भारत के निर्माता भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा सेवा, संवेदना और समर्पण के भाव के साथ विभिन्न अस्पतालों में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत दक्षिणी, उत्तरी एवं कैंट विधानसभा क्षेत्र के तीन प्रमुख अस्पतालों में कांग्रेसजनों ने भर्ती मरीजों के बीच फल वितरित किए, उनकी तीमारदारी की तथा उनका हालचाल जानकर शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत श्री शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय जिला अस्पताल में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें डॉक्टर राजेश गुप्ता ने संयोजन किया। वहीं उत्तरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला अस्पताल में मरीजों के बीच फल वितरित कर उनका कुशलक्षेम जाना गया। इस कार्यक्रम में सतनाम सिंह, रामजान अली, मयंक चौबे एवं संतोष चौरसिया ने संयोजन किया। इसी क्रम में कैंट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत माता आनंदमयी अस्पताल, शिवाला में फल वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसका संयोजन अरुण सोनी एवं वकील अंसारी ने किया। समस्त कार्यक्रमों की देखरेख एवं अध्यक्षता महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने की।

महानगर कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू का संपूर्ण जीवन देश की एकता, अखंडता, लोकतांत्रिक मूल्यों वैज्ञानिक सोच और जनसेवा को समर्पित रहा। वह बच्चों से विशेष स्नेह रखते थे, इसलिए उनका जन्मदिवस बाल दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। उनका मानना था कि देश की वास्तविक ताकत उसकी जनता में बसती है और एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण तभी संभव है, जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मान, शिक्षा, स्वास्थ्य और समान अवसर पहुंचे। कार्यक्रम के माध्यम से कांग्रेसजनों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के आदर्शों एवं विचारों को आत्मसात करते हुए जनसेवा के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, डॉ राजेश गुप्ता, सतनाम सिंह, अरुण सोनी, वकील अंसारी, मयंक चौबे, संतोष चौरसिया, दुर्गाप्रसाद गुप्ता, प्रवीन प्रकाश, प्रमोद वर्मा, राजेन्द्र गुप्ता, रोहित दुबे, किशन यादव, मो उजैर आदि लोग उपस्थित रहे।

अभियान चलाकर पकड़े गए पांच आवारा कुत्ते

वाराणसी,संवाददाता। वाराणसी जंक्शन (उत्तर रेलवे) पर आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए शनिवार को अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य निरीक्षक के नेतृत्व में रेलवे प्रशासन ने नगर निगम की टीम के सहयोग से प्लेटफॉर्म नंबर एक और पार्सल घर के आसपास अभियान चलाकर पांच आवारा कुत्तों को पकड़ा। बाद में सभी कुत्तों को नगर निगम की टीम को सुपुर्द कर दिया गया। रेलवे परिसर में आवारा कुत्तों के घूमने से यात्रियों, विशेषकर छोटे बच्चों और महिलाओं को उनके काटने की आशंका बनी रहती थी। इसे देखते हुए रेल प्रशासन ने नगर निगम के सहयोग से कार्रवाई की।

इस संबंध में नार्दर्न रेलवे मेन्स यूनियन ने भी स्टेशन निदेशक को पत्र लिखकर समस्या के समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई की मांग की थी। अभियान में रेलवे की ओर से मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक प्रशांत पंसारे, प्रदीप कुमार और प्रभात कुमार मौजूद रहे। वहीं नगर निगम की ओर से ड्राइवर राजन और कुत्तों को पकड़ने वाली टीम ने कार्रवाई में सहयोग किया।रेलवे प्रशासन के अनुसार यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस तरह के अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं। भविष्य में भी नगर निगम के सहयोग से आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान जारी रखा जाएगा।

संदीप सिंह और सौरभ सिंह के तिलक उत्सव में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी, दिया आशीर्वाद

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजस्थान के पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय कल्याण सिंह के सुपौत्र और बेसिक शिक्षा विभाग के राज्यमंत्री संदीप सिंह तथा उनके भाई सौरभ सिंह के तिलक उत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार शाम करीब 3.45 बजे रामघाट रोड स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंचे। मुख्यमंत्री ने तिलक एवं सगाई समारोह में दोनों भाइयों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी दोनों भाइयों को आशीर्वाद दें ताकि उनका जीवन उज्ज्वल हो। बांके बिहारी का आशीर्वाद सदैव उनके साथ बना रहे। साथ ही, उनके दादा हिंदू हृदय सम्राट स्वर्गीय कल्याण सिंह 'बाबूजी' का आशीर्वाद भी दोनों भाइयों पर बना रहे। इसी कामना के साथ मैं उन्हें हृदय से बधाई देता हूं।

दो बाइकों की टक्कर में मां की मौत, छठ पूजा में शामिल होने मायके जा रही थी महिला

वाराणसी,संवाददाता। कछवांरोड के बिहड़ा गांव स्थित एनएच 19 के अंडरपास क्रासिंग के सर्विस रोड पर शनिवार की सुबह दो बाइकों में टक्कर हो गई। हादसे में मीरा देवी (40) महिला की मौत होने के साथ ही बाइक चला रहा बेटा कृष्णा उपाध्याय उर्फ शिवम (18) घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। टक्कर मारने वाली बाइक को पकड़ लिया गया है।

संतरविदास नगर (भदोही) जिले के औराई थानांतर्गत त्रिलोकपुर गांव निवासी अशोक उपाध्याय सऊदी अरब में काम करते हैं। अशोक की पत्नी मीरा देवी छठ पूजा में शामिल होने मायके आजमगढ़ के भगवानपुर जा रही थी। बेटा कृष्णा उपाध्याय अपनी मां मीरा देवी को बाइक (यूपी.66.ए.के.3930) पर बैठाकर बस पकड़वाने हेतु घर से निकल कर वाराणसी जा रहा था। बिहड़ा गांव के पास अंडरपास क्रास करते समय हाईवे की सर्विस रोड पर कछवांरोड की ओर से आए बाइक सवार ने बाइक में टक्कर मार दी।टक्कर लगने से बाइक पर बैठी मीरा सड़क पर गिर पड़ी और उसका सिर फट गया।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल महिला को अस्पताल भेजवाया, किंतु रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घायल बेटे का उपचार कराया गया। महिला के मौत की खबर लगते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतका को दो पुत्र हैं। चर्चा रहा कि टक्कर मारने वाली बाइक पर सवार भाई–बहन को भी चोटें आई हैं।बाइक छोड़ कर दोनों अस्पताल चले गए।

सम्पादकीय...

चुभती महंगाई

बीते माह देश में खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों में उछाल से महंगाई दो साल के ऊंचे स्तर पर पहुंच गई है। यह स्पष्ट है कि देश के केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति महंगाई को काबू में रखने में विफल रही है। चिंता की बात है यह महंगाई दर रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित छह फीसदी की तय अधिकतम सीमा को पार कर गई है। इसके साथ ही दिसंबर में होने वाली मौद्रिक-नीति निर्धारण करने वाली कमेटी की बैठक में नीतिगत ब्याज दर में ए‍क और बढ़ोतरी की आशंका बलवती हुई है। उल्लेखनीय है कि अक्तूबर में भी आरबीआई ने रेपो रेट में 25 आधार अंक का इजाफा किया था। पिछले एक साल से लगातार बढ़ रही खुदरा महंगाई का दो साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचना बताता है कि लोगों की क्रय शक्ति क्षमता में कमी आई है। जाहिर है इसका दबाव घरेलू बजट पर पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की तरफ से गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, बीते माह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक यानी सीपीआई के आधार पर खुदरा महंगाई दर 6.09 प्रतिशत तक जा पहुंची है। जिसके चलते अगले माह की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में रेपो रेट बढ़ने की संभावना फिर प्रबल हो गई है। आशंका है कि इससे उपभोक्ताओं के घर व वाहन आदि के लोन की मासिक किस्तें लंबे समय तक ऊंची बनी रह सकती हैं। उल्लेखनीय है कि खाद्य पदार्थों की कीमतों, जिनकी मूल्य सूचकांक निर्धारण में चालीस फीसदी की हिस्सेदारी होती है, की महंगाई बढ़ाने में मुख्य भूमिका निभा रही है। देश में सब्जियां, दालें और किराना का अन्य सामान महंगा हो गया है। वहीं अनाज, तिलहन और चीनी की कीमतों पर भी दबाव बना हुआ है। यहां उल्लेखनीय है कि अक्तूबर माह में खाद्य महंगाई दर बढ़कर 8.94 फीसदी हो गई है। यही वजह है कि लोगों को आशंका है कि उनके लिये आने वाली सर्दियों में मुश्किलें बढ़ सकती हैं। यूं तो महंगाई आजकल, वैश्विक उथल-पुथल और आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने के कारण विश्वव्यापी समस्या हो गई है। खासकर रूस व यूक्रेन तथा खाड़ी में जारी संघर्ष के चलते पेट्रोलियम पदार्थों व उनसे बनने वाले उत्पादों की आपूर्ति बाधित हुई है। लेकिन भारत में बढ़ती महंगाई के कारणों में मौसम की संवेदनशीलता व मुद्रास्फीति भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि देश में घरेलू महंगाई दर लगातार बारहवें महीने बढ़ी है। खाने-पीने की चीजों के अलावा, इसमें परिवहन से जुड़े खर्च, कपड़ेआवास और भोजन से जुड़ी सेवाओं का भी योगदान रहा है। हालांकि, खाड़ी संघर्ष में स्थितियां सामान्य होने की ओर बढ़ने के बाद तेल की कीमतों में कुछ गिरावट आई है। यद्यपि, सीधे तौर पर उपभोक्ताओं को इसका लाभ न मिला हो,लेकिन दामों में कमी अपरोक्ष रूप से कुछ राहत देने वाली जरूर है। इसके बावजूद महंगाई का दबाव बना रहेगा। हालांकि, आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि मुख्य महंगाई दर अभी अपने चरम पर नहीं पहुंची है, जो कमजोर और असमान मानसून के असर को दर्शाती है। लेकिन यह भी एक हकीकत है कि वैश्विक स्तर पर खाने-पीने की चीजों की बढ़ती कीमतों ने घरेलू बाजार पर दबाव बढ़ा ही दिया है। निस्संदेह, यह चिंताजनक स्थिति जरूर है, लेकिन कुल मिलाकर तस्वीर में कुछ उम्मीद भी नजर आ रही है। वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में जीडीपी का 7.7 रहने का अनुमान लगाया जा रहा है। इसमें दो राय नहीं कि आम आदमी के लिये यह स्थिति कष्टकारी हो सकती है। एक आम उपभोक्ता के लिये बढ़ती महंगाई के गायने जरूरी चीजों पर खर्च कम करना हो सकता है। ऐसे में कीमतों को स्थिर रखने की जरूरत और भी बढ़ जाती है। कालाबाजारी करने वालों और कृत्रिम रूप से महंगाई बढ़ाने वाले तत्वों पर नकेल कसना बेहद जरूरी है। आज की बदलती स्थिति पर नजर रखने और लोगों का बोझ कम करने के लिये आपातकालीन कदम उठाने की सख्त जरूरत है। इसके साथ ही सरकार के लिये भी जरूरी है कि वह मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के लिये प्रशासनिक व मौद्रिक उपायों की दिशा में आगे बढ़े।

आज और अभी

बहुत दिनों से कुछ लिखा नहीं
क्या लिखूँ—गीत या ग़ज़ल
या आपबीती, दोनों का मिश्रण

जीवन आज गीत है दुःख का
तो कल ग़ज़ल होगी नशीली
तो परसों न सुलझने वाली पहेली

आज मैं हूँ, कल भी मैं ही हूँगी और कल भी मैं ही थी
बस सोच और नज़र बदलेगी
कभी मेरी कभी ज़िंदगी की

और नया दिन होगा ही
सूरज निकलेगा ही
लाल और तेज़ गरम

मेरे सपने भी जवान होंगे और ज़िंदगी हसीन
पता नहीं क्या होगा और कौन होगा साथ

पर होगा उतना ही जितना लिखा है
वक़्त मुक़र्रर है वक़्त ही तो है
आप और हम सब बौने हैं
वक़्त और वक़्त के आगे।

ट्रंप और नेतन्याहू दोनों को मिली है शर्मिंदगी

असद मिर्जा

न्यूयॉर्क में इजरायली और अमेरिकी नेताओं के बयानों से संकेत मिलता है कि वे अपनी तैयारियों और प्रतिरोध क्षमता पर जोर दे रहे हैं. न कि ईरान पर हमले के किसी सार्वजनिक फैसले पर। इन बातों को एक साथ देखें तो पता चलता है कि सैन्य तैयारी, कूटनीतिक दबाव और क्षेत्रीय जोखिम का एक जटिल मिश्रण बन रहा है। इसके परिणाम मध्य पूर्व से आगे बढ़कर ऊर्जा सुरक्षा, शिपिंग और भारत के रणनीतिक संतुलन तक असर डाल सकते हैं। ईरान के साथ संभावित नए युद्ध के लिए इजरायल और अमेरिका की तैयारियां तेज हो रही हैं। खबरों के अनुसार, बेंजामिन नेतन्याहू ने हाल के दिनों में डोनाल्ड ट्रंप को रोज फोन कर के ईरान पर फिर से हमले करने का आग्रह किया है, जबकि वाशिंगटन अभी कूटनीति और दबाव बनाने के विकल्पों पर विचार कर रहा है। न्यूयॉर्क में इजराइल हायोम समिट में दिए गए बयानों से तैयारियों का पता तो चलता है, लेकिन इससे किसी तुरंत होने वाले हमले की पुष्टि नहीं होती। इजराइल हायोम समिटएक अखबार द्वारा आयोजित सम्मेलन है, न कि कोई सरकारी या सैन्य योजना मंच। इसका दूसरा न्यूयॉर्क संस्करण 11 नवंबर को मैनहट्टन में आयोजित किया गया था, जिसमें इजराइल और अमेरिका के राजनीतिक, सुरक्षा और सामाजिक क्षेत्रों के लोग शामिल हुए। यहां द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय सुरक्षा और कूटनीति पर चर्चा की गई। इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष बोआजलेवी ने इजराइल हायोम अखबार को दिए एक साक्षात्कार में अपनी राय रखी। यह उनका अपना आकलन है, न कि इजरायल सरकार का कोई आधिकारिक फैसला कि वे फिर से युद्ध शुरू करने जा रहे हैं। द टाइम्स ऑफ इजराइल और एक्सिओस ने अलग-अलग रिपोर्ट दी है कि नेतन्याहू ने हाल ही में ट्रंप को फोन करके ईरान पर जल्द हमला करने का दबाव डाला है। इन रिपोर्टों में इजरायली और अमेरिकी सूत्रों का हवाला दिया गया है। इस बीच, इजरायल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष बोआजलेवी ने 11 नवंबर को इजराइल हायोम समिट में कहा कि इजराइल को ईरान के साथ एक और युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सवाल यह नहीं है कि क्या युद्ध होगा, बल्कि यह है कि कबज्ज होगा। लेवी ने ईरानी हमलों के खिलाफ ऐरो मिसाइल-डिफेंस सिस्टम के प्रदर्शन का जिक्र किया और दावा किया कि इसने 92 प्रतिशत हमलों को सफलतापूर्वक रोका। उन्होंने बताया कि इजरायल और अमेरिका अब इंटरसेप्टर मिसाइलों का उत्पादन बढ़ा रहे हैं और अधिक ऊंचाई पर हमलों को रोकने की क्षमता विकसित करने की कोशिश कर रहे हैं। लेवी ने एक इजरायली उपग्रह का उदाहरण भी दिया, जो एक फाइटर पायलट को रियल-टाइम में दिशा-निर्देश दे रहा था। इससे पता चलता है कि सैन्य अभियानों में अंतरिक्ष-आधारित प्रणालियों का महत्व लगातार बढ़ रहा है। उनकी टिप्पणियां महत्वपूर्ण हैं, लेकिन ये रक्षा-उद्योग के एक नेता की बातें हैं, न कि इजरायली सरकार की ओर से किसी हमले की योजना की आधिकारिक घोषणा। उसी शिखर सम्मेलन में अमेरिकी पक्ष की टिप्पणियां अधिक राजनीतिक थीं। श्इजरायल हायोमश्च की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने ईरान की सत्ता को पहले से कहीं अधिक कमजोर बताया और कहा कि श्अब्राहम समझौतेश्च का विस्तार हो रहा है। सितंबर में श्अल-मॉनिटरश्च




को दिए एक अलग साक्षात्कार में, वाल्ट्ज ने कहा कि ईरान के लिए बातचीत में लौटने के रास्ते अभी भी खुले हैं और तर्क दिया कि समय वाशिंगटन के पक्ष में है।

कुल मिलाकर, ये टिप्पणियां दबाव और कूटनीति को एक साथ चलने वाली रणनीतियों के रूप में पेश करती हैं परन्तु इनका मतलब यह नहीं है कि अमेरिका ने कोई नया हमला करने की सार्वजनिक रूप से प्रतिबद्धता जताई है। सैन्य तैयारियों की खबरों के बीच, इन दोनों बातों के बीच का अंतर महत्वपूर्ण है। अक्टूबर में एनपीआर ने अमेरिका-इजरायल युद्ध योजना की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति के हवाले से बताया कि दोनों देश अमेरिकी मध्यावधि चुनावों के बाद एक संभावित हमले की तैयारी कर रहे थे। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि सैन्य ताकत बढ़ाने का मकसद तेहरान पर किसी समझौते के लिए दबाव डालना हो सकता है। यह दावा एक अज्ञात सूत्र की ओर से आया था, न कि किसी आधिकारिक नीति के रूप में घोषित किया गया था। लेवी की टिप्पणियां दीर्घकालिक तैयारियों की ओर इशारा करती हैं, लेकिन इनसे किसी आसन्न सैन्य अभियान की पुष्टि नहीं होती और न ही इसके उद्देश्यों का पता चलता है। क्षेत्रीय स्तर पर इसका पहला असर यह है कि मिसाइल रक्षा को एक अस्थायी प्रतिक्रिया के बजाय एक स्थायी जरूरत के रूप में देखा जा रहा है। लेवी द्वारा इंटरसेप्टर (मिसाइल रोकने वाले हथियार) के उत्पादन और अपग्रेड का जिक्र यह बताता है कि इजरायल को उम्मीद है कि ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल दागने की क्षमता भविष्य की सुरक्षा योजनाओं का एक मुख्य हिस्सा बनी रहेगी। मिसाइलों को रोकने की बेहतर क्षमता, हमले से होने वाले संभावित नुकसान को कम करके, ईरान को हमले से रोकने में मदद कर सकती है। इससे भी बड़ा खतरा एक सुरक्षा दुविधा का है। इजरायल जिन तैयारियों को रक्षात्मक बताता हैकृजैसे कि ज्यादा इंटरसेप्टर, बेहतर सेंसर और अंतरिक्ष-आधारित समन्वयकृउन्हें तेहरान में एक नए हमले की तैयारी के रूप में देखा जा सकता है। ऐसे में, ईरान भी अपनी सैन्य तैयारियों के जरिए या क्षेत्रीय शिपिंग और बुनियादी ढांचे पर दबाव डालकर, इजरायल को रोकने की अपनी क्षमता को फिर से बहाल करने की कोशिश कर सकता है। इसका नतीजा एक ऐसे चक्र के रूप में निकल सकता है, जहां दोनों पक्ष यह दावा करें कि वे अगले हमले को रोकने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि असल में वे दूसरे पक्ष के मन में यह डर और बढ़ा रहे हैं कि उन पर पहले हमला हो सकता है। वाल्ट्ज की यह टिप्पणी कि ईरान कमजोर हो गया है, एक जोखिम भी पैदा कर सकती हैकृअगर इसे इस सुबूत के तौर पर देखा जाए कि दबाव काम कर रहा है और इसे और तेज किया जाना चाहिए। दूसरी ओर, बातचीत के लिए दिखाई गई तत्परता कूटनीति की गुंजाइश बनाए रखती है। रणनीतिक विकल्प केवल ह्हमला या बातचीतश्च तक सीमित नहीं हैं,सैन्य तैयारी बातचीत को मजबूत कर सकती है, लेकिन अगर नेता सार्वजनिक रूप से यह कहें कि युद्ध होना तय है, तो इससे समझौते की संभावना कम हो सकती है। किसी भी नए टकराव में इजरायल और ईरान से कहीं अधिक देश शामिल हो सकते हैं। एनपीआर ने रिपोर्ट किया कि ईरानी अधिकारियों ने संघर्ष में शामिल देशों में अमेरिकी हितों और बुनियादी ढांचे के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है। इस तरह की धमकियों से अमेरिकी सेनाओं की मेजबानी करने वाले खाड़ी देशों के साथ-साथ वाणिज्यिक जहाजरानी और ऊर्जा बुनियादी ढांचे की सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है। शिखर सम्मेलन में अमेरिकी गोल्डन ओम पहल पर हुई चर्चा ने इजरायली प्रणालियों को मिसाइल रक्षा सहयोग के व्यापक दायरे में ला खड़ा किया है, हालांकि लेवी के बयानों से किसी विशिष्ट समझौते या तैनाती की पुष्टि नहीं होती। शिखर सम्मेलन में प्रस्तुत अमेरिकी संदेशों से नीतिगत तनाव स्पष्ट होता है। भारत के लिए सबसे तात्कालिक चिंता बयानबाजी नहीं बल्कि नए सिरे से अशांति पैदा होने का खतरा है। भारत ऊर्जा का एक बड़ा आयातक है। खाड़ी देशों से होने वाली आपूर्ति और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज्ज (होर्मुज जलडमरूमध्य) पर निर्भरता के कारण, वहां पैदा होने वाली अस्थिरता का भारत की अर्थव्यवस्था पर गहरा असर पड़ सकता है। इसलिए, न्यूर्यार्क में दिए गए बयानों का सबसे सटीक अर्थ यह है कि भारत को भविष्य के लिए तैयार रहना चाहिए और रणनीतिक संकेत देने चाहिए। द्रम्प और नेतन्याहू के रुख से तनाव कम होगा या संघर्ष और बढ़ेगा, यह उन फैसलों पर निर्भर करेगा जिनका खुलासा शिखर सम्मेलन में नहीं किया गया है।

भाईचारा बढ़ाने वाली दिवाली

बाबा मायाराम

हाल ही में दीपावली का त्योहार मनाया गया। इस मौके पर शहरों में दुकानें सजीं, पटाखे छोड़े, रोशनी हुई, आतिशबाजी हुई, शोर-गुल हुआ, मिठाई और पकवान बने। दीपावली का यह एक पहलू है। दिवाली का दूसरा पहलू है गाय, बैल, भैंस और जानवरों को सजाया जाता है, कृषि औजारों की पूजा की जाती है। यह वह समय होता है, जब खरीफ की फसलों की कटाई होती है। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश में इस समय धान कटाई हो रही है। धान, ज्वार, मक्का घर में आ जाता है। आज इसी पर बात करना चाहूंगा, जिससे हम त्योहारों को उनकी समग्रता में समझ सकें। इसी संदर्भ में मुझे याद आ रही है, हमारे गांव की याद, जो हमेशा ही स्मृति में बना रहता है, बल्कि साथ-साथ चलता है। जब मुझे शहरों और महानगरों में दीपावली देखने-समझने का मौका मिला तो उसमें बाजार हावी दिखा, औद्योगिक सभ्यता हावी दिखी। यह भागती हुई सभ्यता है। यहां खुशियां मनाई जाती हैं, पटाखे छोड़े जाते हैं, रोशनियां बिखेरी जाती हैं, लेकिन इसमें भाईचारा नहीं दिखता। दूसरी दिवाली हमारी गांव की थी, जिसमें ठहरी हुई कृषि सभ्यता थी। वह ठहरी दिखाई देती है, पर है वही टिकाऊ। मिट्टी के दीये जलाए जाते थे, गाय-बैल और खेती के औजारों की पूजा होती थी। मड़ई मेला होता था। जहां गांव और आसपास के लोग मिलते-जुलते थे। भाईचारा और उत्साह का माहौल होता था। यहां मैं एक मड़ई मेला की याद करना चाहूंगा, जहां मैं अक्सर जाया करता था। वह है नर्मदापुरम जिले के एक आदिवासी इलाके के मटकुली गांव की मड़ई मेले की। पिछले वर्ष वहां के मेले में गया था। वहां हम अपने मित्र से गांव और कृषि संस्कृति की बातें कर रहे थे। वे बता रहे थे कि पहले गांव में पैसा (मुद्रा) का ज्यादा चलन नहीं था, वस्तु विनिमय था। अगर सब्जी लेना है तो अनाज के बदले सब्जी ली जाती थी। गांव एक तरह से स्वावलंबी हुआ करते थे। वहां कई तरह की जातियां होती थी। वहां कुछ लोग खेती के औजार बनाते थे। किसानों के हल-बक्खर, हंसिया, कुल्हाड़ी इत्यादि। कुछ लकड़ी का सामान बनाते थे। किसान खेतों में अनाज उगाते थे, जो काम करवाते थे उसके बदले उनको अनाज मिलता था। वहां मिट्टी के दीये बनाए जाते थे। दीपावली में चाहे कितनी ही बल्बों की रोशनी हो, दीयों के बिना दिवाली नहीं होती। लक्ष्मी जी की मूर्तियां भी मिट्टी से बनती हैं। बातचीत करते हुए हमने मेले का एक चक्कर लगाया। मड़ई मेले में मिठाईयों की दुकान में रंग-बिरंगी बरफी, गुड़ की जलेबी, नमकीन, खोए के लड्डू बिक रहे थे। मड़ई में सिंघाड़े, पीठे, रतालू, फुटाने (भुने चने), मूंगफली बिक रही थीं। मेरा ध्



यान कागज की फिरकनी (चकरी) ने खींचा। पहले हम लोग खुद ही कागज से बना लिया करते थे। गांगो माई और चंडी देवी की मड़िया में पूजन हो रहा था। ढोल गाजे-बाजे और देवताओं के साथ आ रही थी। उनके पीछे लोगों का हुजूम चल रहा था। हमने सिंघाड़े लिए, रतालू चखे और मटकुली के प्रसिद्ध बड़ों का स्वाद लिया। इस सब के बीच मैं याद कर रहा था, अपने बचपन को जब मेले में झूला, हिंडोलना आते थे। गन्ने बिकते थे, नृत्य होता था। जाम, सिंघाड़े, पेड़े, भुने चना, लाई, राजगीर और तिल के लड्डू बिकते थे। यह सब छोटी-छोटी दुकानें टोकरियों में सजाकर लगती थीं।

छत्तीसगढ़ में तो कला-संस्कृति रची-बसी है। यहां दिवाली बहुत ही महत्वपूर्ण त्योहार है। इस मौके पर दूर-दूर से लोग उनके गांव आते हैं। त्योहार की खुशी के मौके पर परिवारजनों के साथ होते हैं। घरों की साफ-सफाई, रंग-रोगन किया जाता है। यहां दिवाली खेती-किसानी, पशुधन, लोक संस्कृति सभी से जुड़ी है। लक्ष्मी पूजन होता है। यहां राम से जुड़ा रिश्ता दिवाली को खास बनाता है। दिवाली के बाद राउत नाचा का सिलसिला शुरू हो जाता है। पारंपरिक वेश-भूषा में यह नाचा बहुत ही आकर्षक होता है। इसमें महिला- पुरुष दोनों मिलकर नाचते हैं। इस बार मुझे इसे देखने का मौका मिला। यहां भी अब गांव-गांव में मड़ई मेले होंगे। लेकिन आज खेती और किसानों की कई समस्याएं हैं। कुछ जलवायु बदलाव से जुड़ी हैं तो कुछ बाजार से। यानी कुछ मानवनिर्मित है तो कुछ प्रकृतिजन्य। कुछ लोग इसे प्रकृति की देन बताकर पल्ला झाड़ लेते हैं। लेकिन यह पूरा सच नहीं है। हम आज ऐसे आद्यौगिक समय में जी रहे हैं, जहां सब कुछ देखकर भी अनदेखा कर देते हैं। किसान और किसान की पीड़ा हमारी आंखों से ओझल हो रही है। हमारे देश में पूंजी की कमी है और श्रम की बहुतायत है। खेती में अब भी बड़ी आबादी लगी है। किसान अपनी मेहनत के बल पर पूरी अर्थनीति बदलने की क्षमता रखते हैं। खेती के पक्ष में दो-तीन बातें महत्वपूर्ण हैं। एक, मनुष्य का पेट अनाज से ही भर सकता है, किसी और चीज से नहीं और अनाज खेत में पैदा होता है। दूसरा, खेती में वास्तव में उत्पादन होता है, एक दाना बोओ, पच्चीस दाने पाओ। ऐसा किसी और माध्यम से संभव नहीं है। उद्योगों में कच्चा माल डालने से उसमें रूप परिवर्तन होता है। इसलिए खेती का महत्व हमेशा बना रहने वाला है। भारत का भविष्य खेती-किसानी और उससे जुड़े लघु कुटीरों में है। हमें ऐसे लोगों के रोजगार बढ़ाने और बचाने की जरूरत है। गांवों को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने में मदद करते हैं। हमारी देश की जलवायु, जैव विविधता और पर्यावरण खेती के लिए अनुकूल है। यह हमारी भाईचारा बढ़ाने वाली व प्रकृति के साथ समन्वय करने वाली कृषि परंपरा और संस्कृति भी है। कुल मिलाकर, खेती-किसानी, पशुधन और गांव, इन सबका संरक्षण करने की जरूरत है। आज हमारी खेती पर संकट है, गांव उजड़ रहे हैं, और पशुधन सड़कों पर मारा-मारा फिर रहा है। दिवाली ऐसा मौका है, जब हम रुककर सोचें। हमारी संस्कृति और सभ्यता की जड़ों को याद कर अच्छी परंपराएं प्राचीन काल से चली आ रही है, उन्हें पर विचार करें, उन्हें अपनाएं। जो लोगों की एकरस जिंदगी में उल्लास का संचार करती थीं, एक दूसरी को जोड़ती थी, भाईचारा बढ़ाती थीं।

खेती-किसानी जो न केवल मनुष्य का बल्कि समस्त जीव-जगत का पालन करती थी। पशुधन जो हमारे खेतों को उर्वर बनाते थे, पोषण देते थे, मंडई मेला जैसी अच्छी परंपराएं हमें आपस में जोड़ती थी, भाईचारा को बढ़ाती थीं। यह सब पहले से ज्यादा प्रासंगिक और उपयोगी हैं, क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ना चाहेंगे?

जनजातीय विकास की दिशा में बढ़ते कदम

उमेश चतुर्वेदी

जनजातीय गौरव दिवस के बहाने यह पड़ताल जरूरी है कि जनजातीय समुदाय को मुख्यधारा में लाने और उनके गांवों और घरों तक शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास की गति पहुंचाने के लिए क्या कुछ किया जा रहा है। इस संदर्भ में केंद्र की मोदी सरकार और छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय की योजनाओं की ओर ध्यान जाना स्वाभाविक है। भारतीय स्वाधीनता आंदोलन अगर कामयाब हुआ तो इसलिए कि उसमें देश के हर वर्ग और तबके ने हिस्सा लिया था। जिस जनजातीय समुदाय को लेकर चर्चा हो रही है कि वह मुख्यधारा से दूर रहा है, उस समुदाय ने भी भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में ना सिर्फ गहन भागीदारी की, बल्कि उसे अंजाम तक पहुंचाने में योगदान भी दिया। इसी समुदाय के थे बिरसा मुंडा, जिन्हें भगवान का दर्जा तक प्राप्त है। उनकी अगुआई में जनजातीय समुदाय ने स्वाधीनता का बिगुल फूंका था। स्वाधीनता आंदोलन में जनजातीय समुदाय की भागीदारी और उनके योगदान की स्मृति में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2021 में बिरसा मुंडा के जन्मदिन को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया। इस लिहाज से इस बार छठवीं बार जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है। जनजातीय गौरव दिवस के बहाने यह पड़ताल जरूरी है कि जनजातीय समुदाय को मुख्यधारा में लाने और उनके गांवों और घरों तक शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास की गति पहुंचाने के लिए क्या कुछ किया जा रहा है। इस संदर्भ में केंद्र की मोदी सरकार और छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय की योजनाओं की ओर ध्यान जाना स्वाभाविक है। इसकी वजह भी है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने कामकाज संभालने के बाद से ही जनजातीय विकास के लिए कई योजनाओं को ना सिर्फ शुरू कर रखा है, बल्कि उन्हें अंजाम तक पहुंचाने में भी अहम भूमिका निभा रहा है।

भगवान बिरसा मुंडा का जन्म सन् 1875 में झारखंड के रांची जिले के उलीहातू में हुआ था। बिरसा सिर्फ स्वाधीनता सेनानी ही नहीं, समाज सुधारक भी थे। बेहद कम उम्र में ही उन्होंने अंग्रेजों के अत्याचारों, भूमि छीने जाने, बेगारी आदि के विरुद्ध जनजातीय समुदायों को संगठित कर उलगुलान किया था। उलगुलान का अर्थ होता है, महान विद्रोह। सिर्फ 25 वर्ष की आयु में ही उन्होंने अपनी जिंदगी स्वाधीनता के नाम होम कर दी। इन्हीं बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पिछले साल मनाई गई थी। बहरहाल हमें यह भी याद रखना होगा कि जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जनजातीय समाज के दूसरी हस्तियों मसलन, शहीद वीर नारायण सिंह, शहीद गैंदा सिंह, वीर गुंडाधुर, ठाकुर रामप्रसाद पोर्ते, रानी दुर्गावती आदि को भी याद किया जाता है। छत्तीसगढ़ सरकार इस दिवस को ना सिर्फ याद करती रही है, बल्कि उनकी याद में कई सारे विकास कार्यक्रमों को भी आगे लेकर आई है। इसमें सबसे प्रमुख है, प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान यानी पीएम-जनमन योजना। इसे 15 नवंबर 2023 को तीन वर्ष के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू किया था। इस योजना के दायरे में देश के सभी आदिवासी समुदाय आते हैं। इसे स्वाधीन भारत के इतिहास की जनजातियों पर केंद्रित यह अब तक का सबसे बड़ा अभियान कहा जाना अतिशयोक्ति नहीं होगा। इस योजना में जनजातीय समुदाय के विकास से जुड़े नौ मंत्रालयों 11 महत्वपूर्ण गतिविधियां शामिल हैं। इसके तहत आवास, स्वच्छ पेयजल, बेहतर स्वास्थ्य देखभाल, सड़क एवं दूरसंचार कनेक्टिविटी के साथ-साथ स्थायी आजीविका के अवसर आदि की उपलब्धता तय की जा रही है। इस अभियान के तहत छत्तीसगढ़ के लिए भारत सरकार द्वारा घोषित पांच विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों मसलन, बैगा, पहाड़ी कोरवा, कमार, अबूझमाड़िया एवं बिरहोर की बसाहटों का विकास किया जा रहा है, जिसमें 1545 ग्राम एवं 2365 छोटी बस्तियां शामिल हैं। इसके तहत राज्यम अब तक स्वीकृत 34,691 पक्के आवासों में से करीब 69 प्रतिशत यानी 24,218 आवास बनाए जा चुके हैं। इस योजना के तहत 2,901 किलोमीटर सड़कें बनाने को मंजूरी दी गई है, जिनमें से आधे से ज्यादा यानी करीब 1,833 किलोमीटर सड़क बनाई जा चुकी है। छत्तीसगढ़ के राज्य के 7,349 जनजातीय परिवारों के घरों का विद्युतीकरण पूरा कर लिया है। राज्य में जनजातीय समुदायों के लिए 191 आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत किए गए हैं और वे सारे कार्यरत हैं। इनमें से 187 के पास अपने भवन भी हैं। छत्तीसगढ़ सरकार से उपलब्धकराए गए आंकड़ों के अनुसार 1425 जनजातीय गांवों के लिए पेयजल योजना मंजूर की गई थी, जिनमें से 510 में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो चुकी है। इसी तरह इन इलाकों के लिए 57 मेडिकल वैन संचालित किए जा रहे हैं। जिनके जरिए आदिवासियों के घरों तक अस्पताल पहुंच रहा है और छोटे रोगों का स्थानीय स्तर पर ही इलाज किया जा रहा है। राज्य के स्वीकृत सभी 16 वन अनुसंधान केंद्र भी पूरी तक काम कर रहे हैं। राज्य में जनजातीय समुदाय के छात्रों के लिए स्वीकृत चालीस छात्रावासों में से 29 में छात्र रहने लगे हैं, जिससे उन्हें सहूलियत हो रही है। राज्य में जनजातीय विकास के लिए 1719 कौशल विकास केंद्र स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें 849 पूरी क्षमता के साथ चल रहे हैं, जहां आदिवासी समुदाय के बच्चों को स्थानीय स्तर पर कौशल विकास की दिशा में प्रशिक्षित किया जा रहा है। जनजातीय समुदाय के विकास की दिशा में एक और बड़ी योजना है, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान भी है। जिसे दो अक्टूबर 2024 को प्रधानमंत्री मोदी ने शुरू किया। हजारीबाग से शुरू इस योजना के तहत 30 राज्योंएवं केंद्र शासित प्रदेशोंके 549 जिलों में फैले 63,000 से अधिक जनजाति बहुल गांवों को शामिल किया गया है। उम्मीद है इससे छत्तीसगढ़ के जनजातीय बहुल जिलों के 6691 गांव शामिल हैं।

जिलाधिकारी के निर्देश पर धान खरीद में तेजी, किसानों को पंजीकरण के लिए किया जा रहा जागरूक





देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देश पर जनपद में धान खरीद की प्रक्रिया में तेजी लाने तथा अधिक से अधिक किसानों को सरकारी क्रय केंद्रों के माध्यम से अपनी उपज बेचने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में सलेमपुर में धान खरीद का शुभारंभ कराया गया तथा किसानों को धान विक्रय के लिए आवश्यक पंजीकरण कराने हेतु प्रोत्साहित किया गया। उन्हें सरकारी क्रय केंद्रों पर धान बेचने की प्रक्रिया एवं पंजीकरण के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई।

इसी क्रम में देसही देवरिया स्थित धान क्रय केंद्र का निरीक्षण कर खरीद व्यवस्था एवं उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया गया। संबंधित अधिकारियों को किसानों को पंजीकरण के लिए जागरूक करने तथा क्रय केंद्र पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं, देवरिया सदर क्रय केंद्र पर किसानों से धान की खरीद की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि किसानों को धान विक्रय में किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उनकी उपज की खरीद सुनिश्चित की जाए।

हिट एंड रन में बाइक सवार घायल

बहराइच,संवाददाता।

बहराइच–नानपारा नेशनल हाईवे पर शनिवार दोपहर करीब 12.30 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार इमरान घायल हो गए। घटना मटेरा थाना क्षेत्र में शिवपुर मोड़ के पास हुई। इमरान, आरिफ के बेटे हैं और नजीरपुरा नई बस्ती, थाना कोतवाली देहात के निवासी हैं। उनकी मोटरसाइकिल का रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 40 एक 7348 है। स्थानीय लोगों ने घायल युवक को उठाया और पुलिस की मदद से अस्पताल भेजा। उनका इलाज जारी है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज प्रेमपाल सिंह ने बताया कि स्थानीय लोगों के मुताबिक, स्कॉर्पियो ने बाइक को पीछे से टक्कर मारी और नानपारा की ओर भाग गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बस्ती मंडल की राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में उतरेगी

बस्ती,संवाददाता। बस्ती मंडल की 16 खिलाड़ियों की टीम पंडित दीनदयाल उपाध्याय सीनियर पुरुष फुटबॉल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। क्षेत्रीय खेल कार्यालय बस्ती के क्रीड़ाधिकारी दिलीप कुमार ने शनिवार को बताया कि टीम की सूची देवीपाटन मंडल, गोंडा के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी को भेजी गई है। यह सूची 3 नवंबर 2026 को जारी पत्र के आधार पर भेजी गई। पत्र में बस्ती मंडल की टीम को प्रतियोगिता में शामिल कराने का अनुरोध किया गया है। जारी सूची में 16 खिलाड़ियों के नाम हैं। टीम के साथ एक टीम मैनेजर भी नामित किया गया है। संबंधित अधिकारियों से कहा गया है कि वे खिलाड़ियों के साथ समन्वय कर उन्हें प्रतियोगिता में शामिल कराने की व्यवस्था करें।

आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी व्रती महिलाएं



बस्ती,संवाददाता। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर शहर के अमहटघाट पर तैयारियां तेज हो गई हैं। व्रत के दूसरे दिन शनिवार को घाट पर वेदियां बनाने का काम जारी रहा। रविवार को व्रती महिलाएं अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी, जबकि सोमवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय महापर्व का समापन होगा। छठ पर्व को देखते हुए घाट पर साफ–सफाई का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। वहीं, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए वेदियां तैयार की जा रही हैं। पर्व नजदीक आने के साथ ही घाट पर लोगों की चहल–पहल भी बढ़ गई है।

इसी बीच घाट पर छठ के पारंपरिक परिधान में दो युवतियां रील बनाती नजर आईं। बातचीत में उन्होंने अपना परिचय कंटेंट क्रिएटर के रूप में दिया। सिमरन ने बताया कि वह अभी छठ का व्रत नहीं रखती हैं, लेकिन शादी के बाद व्रत रखने की इच्छा है। उनके घर में मां छठ का व्रत करती हैं। उन्होंने बताया कि उनके कोई भाई नहीं था। मां ने छठी मईया से भाई की कामना की थी, जिसके बाद उन्हें भाई की प्राप्ति हुई। वहीं, दूसरी कंटेंट क्रिएटर दीपा ने बताया कि छठ पूजा करने और इस पर्व से जुड़ी रील बनाने की इच्छा उन्हें अमहटघाट तक ले आई। उन्होंने कहा कि व्रती महिलाओं को पूरी श्रद्धा के साथ पूजा करते देखकर अच्छा लगता है। उन्होंने भी शादी के बाद छठ का व्रत रखने की इच्छा जताई। अमहटघाट पर छठ की तैयारियों के बीच आस्था, परंपरा और सोशल मीडिया का संगम भी देखने को मिला।

बाल दिवस पर बांटी शिक्षण सामग्री

बस्ती,संवाददाता। गौर ब्लॉक में बाल दिवस पर बच्चों के लिए अलग–अलग कार्यक्रम हुए। हरनाडाबर के विद्यालय में युवा नेता सुशील पांडेय बच्चों के साथ बाल दिवस मनाने पहुंचे। कवलसिया के संविलय विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता हुई। जिला पंचायत सदस्य शंकर यादव इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। हरनाडाबर विद्यालय में सुशील पांडेय ने बच्चों को पेंसिल, रबर, कटर और चॉकलेट बांटी। उन्होंने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने को कहा। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक, बच्चे और ग्रामीण मौजूद रहे। सुशील पांडेय ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उनकी पढ़ाई के साथ उनका उत्साह बढ़ाना भी जरूरी है। कवलसिया विद्यालय के प्रांगण में प्रतियोगिता की शुरुआत मां सरस्वती और पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्रों पर माल्यार्पण और फूल चढ़ाकर हुई। इसके बाद शंकर यादव ने दौड़ में हिस्सा लेने वाले बच्चों को हरी झंडी दिखाकर खेल प्रतियोगिताएं शुरू कराईं। शंकर यादव ने कहा कि खेल से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और संघर्ष करने की क्षमता विकसित होती है। उन्होंने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले बच्चों का उत्साह बढ़ाया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में शिक्षक, एआरपी साथी, खेल आयोजक, ग्रामीण और बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

नेहरू की 137वीं जयंती पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किए पेश

बहराइच,संवाददाता।

नानपारा के अलग–अलग स्कूलों में 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 137वीं जयंती पर हुए। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। सआदत इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद मिश्रा ने कार्यक्रम की जानकारी दी। मुख्य अतिथि डॉ. आनंद अग्रवाल और खास मेहमान डॉ. नरेश अग्रवाल की मौजूदगी में छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। सॉफ्ट पेटल एकेडमी में पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र का अनावरण और दीप जलाकर कार्यक्रम शुरू किया गया।

घाटों पर आज होगी छठ पूजा, तैयारियां पूरी

बहराइच,संवाददाता। जिले में रविवार को छठ पूजा की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। बेरिया मंदिर, गोलवाघाट और सरयू तट के झिंगाघाट पर श्रद्धालु नदी किनारे पूजा के लिए स्वस्तिक के आकार की वेदियां बना रहे हैं। व्रती महिलाएं और पुरुष घाटों पर पूजा करेंगे। वे अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार की सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे। छठ पूजा समिति के अध्यक्ष आयुष जायसवाल ने बताया कि नगर पालिका प्रशासन के सहयोग से घाटों की सफाई, रंगाई–पुताई और सजावट कराई जा रही है।

बाल दिवस पर बच्चों को पॉक्सो कानून की जानकारी दी

बहराइच,संवाददाता। बाल दिवस पर अपराजिता सामाजिक समिति, और नारी संघ ने राजकीय विद्यालय परसेंडी में पॉक्सो जागरूकता गोष्ठी की। इसमें करीब 110 बच्चे, बच्चियां और महिलाएं शामिल हुए। अपराजिता सामाजिक समिति की सचिव किरन बैस ने पॉक्सो अधिनियम–2012 की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कानून 18 साल से कम उम्र के बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा देता है। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श पहचानने और गलत व्यवहार की जानकारी अभिभावकों या शिक्षकों को देने के लिए कहा।

थाना फखरपुर के एसएचओ रामकुमार राजभर ने बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस बच्चों की सुरक्षा और मदद के लिए हमेशा तैयार है। किसी परेशानी में बच्चे बिना डर पुलिस से संपर्क करें। कांस्टेबल राजकुमारी ने टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों और आत्मरक्षा के तरीकों की जानकारी दी। अर्पिता ने बॉडी मैप गतिविधि के जरिए बच्चों को शरीर के सुरक्षित और असुरक्षित अंगों की पहचान कराई। उन्होंने बच्चों को अपने शरीर पर अपने अधिकार के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में विद्यालय की इंचार्ज अनीता वर्मा, शिक्षक अरविंद शुक्ला, साधना, थाना फखरपुर की पुलिस टीम, सचिव पंकज कुमार मौर्य, नारी संघ की काजल, रीता और विमला मौजूद रहे। अपराजिता टीम से शशि, नीलम और जितेंद्र सहित अन्य लोग भी शामिल हुए। समापन पर विद्यालय परिवार और पुलिस विभाग ने अपराजिता सामाजिक समिति की टीम का आभार जताया। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा और अधिकारों के बारे में जागरूकता के ऐसे प्रयास जारी रखने पर जोर दिया।

जंगली जानवर के हमले में बच्ची और युवक घायल

बहराइच,संवाददाता। महसी तहसील के हरदी थाना क्षेत्र के नथुवापुर गांव में शुक्रवार देर रात जंगली जानवर के हमले में 5 साल की बच्ची और 22 साल का युवक घायल हो गए। दोनों को सीएचसी रमपुरवा में भर्ती कराया गया, जहां उनका प्राथमिक इलाज किया गया। गांव के अंगनूराय की बेटी सौम्या और मिहीराव के बेटे संजय पर जानवर ने हमला किया। उनकी चीख सुनकर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे शोर सुनकर जानवर भाग खड़ा हुआ और दोनों को घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना पर भाजपा नेता अखंड प्रताप



सिंह 'गोलू' मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिवारों से घटना की जानकारी ली और घायलों का हाल जाना तथा परिजनों को मदद का भरोसा दिया। साथ ही, वन विभाग के अधिकारियों से बात कर इलाके में गश्त बढ़ाने और जरूरी कदम उठाने को कहा। वन क्षेत्राधिकारी (रेंजर) साकिब अंसारी ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। शुरुआती जांच में हमला सियार या आवारा कुत्ते का लग रहा है।

ग्रामीणों से सतर्क रहने और रात में सावधानी बरतने की अपील की।

त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2026

छठ पूजा त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

विशेष रेल गाड़ी सं.	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	आवृत्ति / चलने के दिन	चलने की तिथि
04209	नाराणसी जं. (पाया लखनऊ एनआर)	22:15	दिल्ली जं.	13:45	सप्ताह में	सोम, बुध, शुक्र	27.11.2026 तक
04210	दिल्ली जं.	18:50	वाराणसी जं.	09:50	तीन दिन	मंगल, गुरु, शनि	28.11.2026 तक
04213	अयोध्या कैंट (तांगा लखनऊ एनआर)	18:20	आनंद विहार ट.	06:10	सप्ताह में	रविवार, गुरुवार	29.11.2026 तक
04214	आनंद विहार ट.	09:00	अयोध्या कैंट	22:00	दो दिन	सोमवार, शुक्रवार	30.11.2026 तक
04227	वाराणसी जं. (वाया लखनऊ एनआर)	11:05	चंडीगढ़ ज.	04:20	सप्ताह में	गुरुवार, रविवार	29.11.2026 तक
04228	चंडीगढ़ ज.	06:00	नाराणसी जं.	00:55	दो दिन	शुक्रवार, सोमवार	30.11.2026 तक
03309	धनबाद	10:00	दिल्ली जं.	09:15	साप्ताहिक	शनिवार	28.11.2026 तक
03310	दिल्ली जं.	11:45	धनबाद	13:00		रविवार	29.11.2026 तक
03697	गया जं.	14:15	नई दिल्ली	12:05	सप्ताह में	मंगलवार, शनिवार	28.11.2026 तक
03698	नई दिल्ली	13:40	गया जं.	11:15	दो दिन	बुधवार, रविवार	29.11.2026 तक
03293	पटना जं.	21:00	आनंद विहार ट.	13:00	दैनिक	रवि, सोम, मंगल, बुध	21.11.2026 तक
03294	आनंद विहार ट.	15:50	पटना जं.	12:25		गुरु, शुक्र, शनि	22.11.2026 तक
03009	हानडा ज.	23:55	आनंद विहार ट.	02:50	साप्ताहिक	रोगवार	30.11.2026 तक
03010	आनंद विहार ट.	05:15	हानडा ज.	10:50		बुधवार	02.12.2026 तक
05281	मुजफ्फरपुर जं.	06:30	आनंद विहार ट.	05:00	तिथिवार	बुधवार	18.11.2026 को
05282	आनंद विहार ट.	07:00	मुजफ्फरपुर जं.	04:50		गुरुवार	19.11.2026 को
04056	आनंद विहार टर्मिनल	00:20	छपरा	19:20	सप्ताह में	शुक्रवार	17.11.2026 तक
04057	छपरा	22:10	आनंद विहार टर्मिनल	17:20	दो दिन	मंगलवार	
01903	आगरा कैंट	20:00	शहीद कैप्टन तुषार महाजन	12:20	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
01904	शहीद कैप्टन तुषार महाजन	16:05	आगरा कैंट	08:40		सोमवार	30.11.2026 तक
02563	बरौनी जं.	07:40	नई दिल्ली	05:10	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध	30.11.2026 तक
02564	नई दिल्ली	17:55	बरौनी जं.	15:10		गुरु, शुक्र, शनि	01.12.2026 तक
02569	दरभंगा जं.	06:30	नई दिल्ली	04:00	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध	30.11.2026 तक
02570	नई दिल्ली	12:15	दरभंगा जं.	10:00		गुरु, शुक्र, शनि	01.12.2026 तक
05579	पूर्णिया कोर्ट	16:30	आनंद विहार टर्मिनल	01:05	सप्ताह में	शुक्रवार, रविवार	29.11.2026 तक
05580	आनंद विहार टर्मिनल	05:15	पूर्णिया कोर्ट	13:45	दो दिन	रविवार, मंगलवार	01.12.2026 तक
05575	सहरसा ज.	20:00	आनंद विहार टर्मिनल	01:05	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
05576	आनंद विहार टर्मिनल	05:15	सहरसा जं.	10:30		गुरुवार	26.11.2026 तक
02397	शेखपुरा जं.	11:30	आनंद विहार टर्मिनल	11:40	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
02398	आनंद विहार टर्मिनल	13:30	शेखपुरा जं.	14:45		सोमवार	30.11.2026 तक
03639	धनबाद जं.	18:30	शकूर बस्ती	18:40	सप्ताह में	सोमवार, शुक्रवार	30.11.2026 तक
03640	शकूर बस्ती	21:10	धनबाद जं.	23:45	दो दिन	मंगलवार, शनिवार	01.12.2026 तक
05219	मुजफ्फरपुर जं.	13:30	आनंद विहार टर्मिनल	10:00	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.11.2026 तक
05220	आनंद विहार टर्मिनल	12:00	मुजफ्फरपुर ज.	09:45		शनिवार	28.11.2026 तक
05193	छपरा जं.	14:00	पठानकोट	22:15	साप्ताहिक	सोमवार	23.11.2026 तक
05194	पठानकोट	00:30	छपरा जं.	09:15		बुधवार	25.11.2026 तक
02417	प्रयागराज जं.	21:00	शकूर बस्ती	10:05	सप्ताह में	रवि, सोम, गुरु, शुक्र	14.12.2026 तक
02418	शकूर बस्ती	21:30	प्रयागराज जं.	09:15	चार दिन	बुध, गुरु, शनि, रवि	17.12.2026 तक
04163	नारायणपुर बाजार	18:00	शकूर बस्ती	10:05	सप्ताह में	मंगल, बुध, शनि	16.12.2026 तक
04164	शकूर बस्ती	21:30	नारायणपुर बाजार	12:25	तीन दिन	सोम, गगल, शुक्र	15.12.2026 तक
03257	दानापुर	07:30	आनंद विहार टर्मिनल	00:30	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
03258	आनंद विहार टर्मिनल	05:00	दानापुर	20:45		सोमवार	30.11.2026 तक
05301	मऊ जं.	04:40	अंबाला कैंट जं.	03:55	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
05302	अंबाला कैंट जं.	05:45	मऊ जं.	04:30		शुक्रवार	27.11.2026 तक
05085	छपरा जं.	13:05	आनंद विहार टर्मिनल	09:40	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
05086	आनंद विहार टर्मिनल	10:50	छपरा जं.	07:00		बुधवार	25.11.2026 तक
03435	गालवा टाउन	09:30	आनंद विहार टर्मिनल	13:40	साप्ताहिक	सोमवार	30.11.2026 तक
03436	आनंद विहार टर्मिनल	14:50	गालवा टाउन	22:30		मंगलवार	01.12.2026 तक
02077	राची ज.	16:25	आनंद विहार टर्मिनल	18:00	साप्ताहिक	शनिवार	20.11.2026 तक
02878	आनंद विहार टर्मिनल	19:30	राची ज.	19:10		रविवार	29.11.2026 तक
04123	प्रयागराज जं.	14:50	हज़रत निज़ामुदीन	11:35	सप्ताह में	बुधवार, रविवार	29.11.2026 तक
04124	हज़रत निज़ामुदीन	15:45	प्रयागराज जं.	09:10	दो दिन	गुरुवार, सोमवार	30.11.2026 तक
05101	गोरखपुर जं.	16:00	शकूर बस्ती	11:05	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
05102	शकूर बस्ती	13:15	गोरखपुर जं.	08:30		सोमवार	30.11.2026 तक
03107	कोलकाता	23:50	आलमनगर	19:45	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
03108	आलमनगर	01:45	कोलकाता	22:30		शनिवार	28.11.2026 तक
04103	प्रयागराज ज.	15:25	हज़रत निज़ामुदीन	11:35	साप्ताहिक	गगलवार	01.12.2026 तक
04184	हज़रत निज़ामुदीन	15:45	प्रगागराज जं.	09:10		बुधवार	02.12.2026 तक
03437	मालदा टाउन	10:00	हरिद्वार जं.	17:00	साप्ताहिक	शनिवार	28.11.2026 तक
03438	हरिद्वार जं.	18:35	मालदा टाउन	23:55		रविवार	29.11.2026 तक
01705	जबलपुर जं.	19:40	अयोध्या धाम जं.	11:25	साप्ताहिक	मंगलवार	29.12.2026 तक
01706	अयोध्या धाम ज.	13:30	जबलपुर जं.	06:45		बुधवार	30.12.2026 तक
09309	इंदौर जं.	17:00	हज़रत निज़ामुदीन	05:00	सप्ताह में	शुक्रवार, रविवार	27.11.2026 तक
09310	हज़रत निज़ामुदीन	08:20	इंदौर ज.	21:00	दो दिन	शनिवार, सोमवार	28.11.2026 तक
09257	गाधनगर टर्मिनस	14:20	शकूर बस्ती	10:55	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.11.2026 तक
09258	शकूर बस्ती	13:15	मानसगर टर्मिनस	08:50		शनिवार	28.11.2026 तक
09203	वेरावल जं.	16:05	हरिद्वार जं.	20:40	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
09204	हरिद्वार जं.	21:30	वेरावल जं.	09:45		बुधवार	25.11.2026 तक
09523	ओखा	10:20	शकूर बस्ती	10:35	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
09524	शकूर बस्ती	13:15	ओखा	13:00		बुधवार	25.11.2026 तक
09425	साबरगती बीजी	18:45	हरिद्वार जं.	20:30	साप्ताहिक	रोगवार	23.11.2026 तक
09426	हरिद्वार जं.	21:45	साबरगती बीजी	22:30		गगलवार	24.11.2026 तक
04811	बाड़मेर	04:15	हरिद्वार जं.	04:10	सप्ताह में	सोमवार, गुरुवार	30.11.2026 तक
04812	हरिद्वार जं.	05:15	बाड़मेर	06:35	दो दिन	मंगलवार, शुक्रवार	01.12.2026 तक
09611	अजमेर ज.	19:45	योग नगरी ऋषिकेश	12:50	साप्ताहिक	बुधवार	25.11.2026 तक
09612	योग नगरी ऋषिकेश	17:55	अजमेर जं.	09:55		गुरुवार	26.11.2026 तक
09639	मदार जं.	04:30	रोहतक जं.	12:50	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल बुध	30.11.2026 तक
09640	रोहतक जं.	13:20	मदार जं.	22:35		गुरु, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
09609	उधमपुर सिटी	13:45	योग नगरी ऋषिकेश	10:15	साप्ताहिक	गगलवार	24.11.2026 तक
09610	योग नगरी ऋषिकेश	17:55	उधमपुर सिटी	15:30		बुधवार	25.11.2026 तक
01703	जबलपुर जं.	15:30	हरिद्वार जं.	14:20	साप्ताहिक	गुरुवार	19.11.2026 तक
01704	हरिद्वार जं.	15:10	जबलपुर जं.	16:20		शुक्रवार	20.11.2026 तक
09097	उधना ज.	08:45	अयोध्या कैंट	11:30	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
09098	अयोध्या कैंट	13:30	उधना ज.	17:30		बुधवार	25.11.2026 तक
02456	नई दिल्ली	07:45	कानपुर सेंट्रल	13:15	साप्ताहिक	सोम, बुध, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
02455	कानपुर सेंट्रल	15:00	नई दिल्ली	20:20	चार दिन	सोम, बुध, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
02450	आनंद विहार टर्मिनल	07:20	कानपुर सेंट्रल	13:15	साप्ताहिक	गगल, गुरु, रवि	29.11.2026 तक
02457	कानपुर सेंट्रल	15:00	आनंद विहार टर्मिनल	20:10	तीन दिन	मंगल, गुरु, शनि	29.11.2026 तक
05005	बढ़नी	15:10	जालंधर सिटी जं.	08:30	साप्ताहिक	बुधवार	25.11.2026 तक
05006	जालंधर सिटी जं.	10:50	बढ़नी	04:45		गुरुवार	26.11.2026 तक
01483	खडकी	17:30	हज़रत निज़ामुदीन	18:10	सप्ताह में	मंगलवार, शुक्रवार	20.11.2026 तक
01484	हज़रत निज़ामुदीन	22:10	खडकी	22:15	दो दिन	बुधवार, शनिवार	21.11.2026 तक
07621	हजूर साहिब नांदेड़	08:45	हज़रत निज़ामुदीन	14:00	साप्ताहिक	शनिवार	28.11.2026 तक
07622	हज़रत निज़ामुदीन	21:40	हजूर साहिब नादेड़	00:35		रविवार	29.11.2026 तक
07021	नर्लपल्ली	19:20	हज़रत निज़ामुदीन	02:00	साप्ताहिक	रोगवार	30.11.2026 तक
07022	हज़रत निज़ामुदीन	04:00	नर्लपल्ली	13:50		बुधवार	02.12.2026 तक
07023	चर्लपल्ली	19:45	हज़रत निज़ामुदीन	05:00	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
07024	हज़रत निज़ामुदीन	07:15	नर्लपल्ली	17:45		गुरुवार	26.11.2026 तक
09617	उधमपुर सिटी	21:15	दिल्ली सराय रोहिल्ला	11:15	साप्ताहिक	बुधवार	25.11.2026 तक
09618	दिल्ली सराय रोहिल्ला	13:45	उधमपुर सिटी	04:00		गुरुवार	26.11.2026 तक
01045	लोकमान्य तिलक टर्मिनस	07:35	अयोध्या कैंट	10:15	सप्ताह में	सोमवार, शुक्रवार	27.11.2026 तक
01046	अयोध्या कैंट	13:50	लोकमान्य तिलक टर्मिनस	17:15	दो दिन	गगलवार, शनिवार	28.11.2026 तक
01913	अजुरांडो	22:15	हज़रत निज़ामुदीन	11:00	सप्ताह में	सोम, बुध, शनि	18.11.2026 तक
01914	हज़रत निज़ामुदीन	12:30	अजुरांडो	03:30	तीन दिन	मगल, गुरु, रवि	19.11.2026 तक
06073	तिरुनलंतपुरम नॉर्थ	14:00	हज़रत निज़ामुदीन	23:50	साप्ताहिक	सोमवार	16.11.2026 तक
06074	हज़रत निज़ामुदीन	05:45	तिरुवनंतपुरम नॉर्थ	16:30		गुरुवार	19.11.2026 तक
01708	हज़रत निज़ामुदीन	15:45	जबलपुर जं.	09:30	साप्ताहिक	तिथिवार	15.11.2026 को

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

आईएफएफआई 2026 में बजेगा रामायण का डंका



रणबीर कपूर की रामायण पार्ट 1 इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आईएफएफआई) के 57वें संस्करण में ब्रिक्स (ब्रिक्स) सेगमेंट की शुरुआत करेगी। यह फेस्टिवल 20 नवंबर से गोवा में शुरू होगा। भारत सरकार के प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कई बड़े सितारों वाली रामायण ब्रिक्स सेगमेंट की ओपनिंग फिल्म होगी। इस सेगमेंट में सभी 11 सदस्य देशों और सहयोगी देशों की फिल्में दिखाई जाएंगी, जिससे दर्शकों को ब्रिक्स देशों की विविध सिनेमाई परंपराओं और कहानियों को जानने का मौका मिलेगा। रामायण का निर्देशन नितेश तिवारी ने किया है और इसके निर्माता नमित मल्होत्रा हैं। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम के रूप में, यश रावण के रूप में, साई पल्लवी माता सीता के रूप में और रवि दुबे लक्ष्मण के रूप में नजर आएंगे। फिल्म का संगीत ए. आर. रहमान और ऑस्कर विजेता हंस जिमर ने तैयार किया है। यह फिल्म 5 नवंबर को भारत और दुनिया भर में रिलीज हुई थी। फिल्म ने दुनिया भर में 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है और अभी भी सिनेमाघरों में चल रही है। फिल्म का दूसरा भाग 2028 में रिलीज होगा। वहीं, रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर आईएफएफआई 2026 के इंडियन पैनोरमा सेगमेंट की ओपनिंग फीचर फिल्म होगी, जो समकालीन भारतीय सिनेमा पर ध्यान केंद्रित करेगी।

शुक्रवार को 57वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) की शुरुआती प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जिसने विश्व सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में से एक के लिए मंच तैयार कर दिया है। यह महोत्सव 20 से 28 नवंबर, 2026 तक गोवा में स्टोरीज विदाउट बॉर्डर्स (सीमाओं के पार कहानियां) थीम के तहत आयोजित किया जाएगा। यह थीम सिनेमा की उस क्षमता का जश्न मनाती है, जो भौगोलिक, भाषाई और सांस्कृतिक सीमाओं को पार कर सकती है। इस साल का महोत्सव दुनिया भर के फिल्म निर्माताओं, अभिनेताओं, निर्माताओं, समीक्षकों और सिनेमा प्रेमियों को एक साथ लाएगा, जो रचनात्मक विचारों के आदान–प्रदान और विविध सिनेमाई अनुभवों के लिए एक मंच प्रदान करेगा। इस महोत्सव में 86 देशों की 159 फिल्में दिखाई जाएंगी, जिन्हें लगभग 1,400 प्रविष्टियों में से चुना गया है। पोलिश फिल्म निर्माता पावेल पावलिकोव्स्की की फिल्म फादरलैंड इस महोत्सव की शुरुआती फिल्म होगी। पावलिकोव्स्की अकादमी पुरस्कार विजेता लेखक और निर्देशक हैं, जो इडा और कोल्ड वॉर जैसी प्रशंसित फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि उन्हें 79वें कान फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। 57वें संस्करण में तीन प्रमुख प्रतियोगिताएं होंगी– अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता, सर्वश्रेष्ठ पहली फीचर फिल्म (डेब्यू फीचर फिल्म) प्रतियोगिता और सीआईएफटी–यूनीस्को गांधी मेडल। इंडियन पैनोरमा खंड समकालीन भारतीय फिल्मों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बना रहेगा, जो भारतीय कहानी कहने की कला की विविधता और रचनात्मक शक्ति को प्रदर्शित करेगा। यह महोत्सव स्ट्रीमिंग श्रेष्ठ वेब सीरीज (ओटीटी) पुरस्कार भी प्रदान करेगा, जो डिजिटल प्लेटफॉर्म के बढ़ते प्रभाव और मनोरंजन तथा कहानी कहने की बदलती दुनिया को मान्यता देगा। शुरुआती प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि राज्य दुनिया भर से आने वाले फिल्म निर्माताओं और सिनेमा प्रेमियों का स्वागत करने के लिए तैयार है।

सिंगर ध्वनि भानुशाली को मिला सपनों का राजकुमार



सिंगर ध्वनि भानुशाली इन दिनों अपनी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने रोमांटिक प्रपोजल की कुछ खूबसूरत तस्वीरें साझा कर बॉयफ्रेंड यश भानुशाली के साथ सगाई का एलान किया है। इन तस्वीरों में दोनों के खास पलों की झलक देखने को मिल रही है। ध्वनि ने अपनी सगाई की अंगूठी भी फ्लॉन्ट की और मंगेतर यश के लिए प्यार भरा कैप्शन लिखते हुए उन्हें अपना कपकेक बताया। उनकी सगाई की खबर सामने आते ही फैंस और सेलेब्स उन्हें बधाइयां दे रहे हैं। गायिका ने इस खास पल की कई तस्वीरें पोस्ट कीं। इनमें से एक तस्वीर में ध्वनि अपनी सगाई की अंगूठी दिखाती नजर आ रही हैं। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, मुझे जिंदगी भर के लिए अपना कपकेक मिल गया। मैंने हां कह दिया। यहां अपने मंगेतर के साथ ध्वनि की कुछ तस्वीरें दी गई हैं। निर्माता विनोद भानुशाली की बेटी ध्वनि ने 2018 की फिल्म वेलकम टू न्यूयॉर्क के गाने इश्तहार से बॉलीवुड में प्लेबैक सिंगर के तौर पर शुरुआत की थी। हालांकि, उनके हिट गाने वास्ते ने उन्हें बड़ी पहचान दिलाई और वे मशहूर हो गईं। उन्होंने रोमांटिक कॉमेडी फिल्म कहां शुरू कहां खत्म (2024) में एक अभिनेत्री के तौर पर भी काम किया है, जिसमें उनके साथ आशिम गुलाटी भी नजर आए थे।

छठ पूजा में संतान प्राप्ति के लिए करें ये उपाय

छठ पूजा को आस्था, श्रद्धा और तपस्या का महापर्व माना जाता है। यह पर्व सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, छठी मैया की सच्चे मन से पूजा करने और सूर्य देव को अर्घ्य देने से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। मान्यता है कि जो दंपति संतान सुख की कामना रखते हैं, वे इस पावन अवसर पर कुछ विशेष धार्मिक उपाय करके छठी मैया से संतान प्राप्ति का आशीर्वाद मांग सकते हैं। आइए जानते हैं छठ पूजा से जुड़े ऐसे ही कुछ उपायों के बारे में।

सूर्य देव को अर्घ्य देकर करें संतान सुख की प्रार्थना

छठ पूजा में डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य देने का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, संतान सुख की इच्छा रखने वाले दंपति पूरी श्रद्धा के साथ सूर्य देव को अर्घ्य दे सकते हैं। इस दौरान छठी मैया और सूर्य देव से स्वस्थ संतान और सुखी परिवार की कामना करें।

लाल कपड़े में गेहूं और गुड़ बांधकर करें दान

मान्यताओं के अनुसार, छठ पूजा के दिन लाल कपड़े में गेहूं और गुड़ बांधकर जरूरतमंद व्यक्ति को दान करना शुभ माना जाता है। ऐसी धार्मिक मान्यता है कि इस उपाय को श्रद्धापूर्वक करने से संतान सुख की मनोकामना के लिए छठी मैया का आशीर्वाद प्राप्त होता है। दान हमेशा अपनी सामर्थ्य और श्रद्धा के अनुसार करना चाहिए।



दंडवत प्रणाम करते हुए घाट तक जाएं

छठ पूजा में कई व्रती दंडवत प्रणाम करते हुए घाट तक पहुंचते हैं। इसे कठिन तपस्या, आस्था और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि संतान की कामना रखने वाले श्रद्धालु भी अपनी शारीरिक क्षमता और परंपरा के अनुसार यह अनुष्ठान कर सकते हैं। इस दौरान सूर्य देव और छठी मैया से संतान सुख की प्रार्थना की जाती है।

सूर्य देव के मंत्रों का करें जाप

छठ पूजा के दौरान सूर्य देव को अर्घ्य देते समय मंत्रों का जाप करना भी शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, श्रद्धा के साथ मंत्र जाप करने से मन को शांति मिलती है और सकारात्मक भाव बना रहता है। आप इन मंत्रों का जाप कर सकते हैं

सूर्य अर्घ्य मंत्र:
ऐहि सूर्यदेव सहस्रांशो, तेजोराशे जगत्पते।
अनुकम्पया मां भक्त्या गृहाणार्घ्यं दिवाकर
अन्य सरल मंत्र:
घृणि सूर्याय नमः।
आदित्याय नमः।

आस्था के साथ रखें इन बातों का ध्यान

छठ पूजा में किए जाने वाले इन उपायों का आधार धार्मिक मान्यताएं और परंपराएं हैं। इनसे संतान प्राप्ति की गारंटी नहीं दी जा सकती। यदि किसी दंपति को गर्भधारण में परेशानी हो रही है, तो उन्हें स्त्री रोग विशेषज्ञ या फर्टिलिटी विशेषज्ञ से सलाह लेनी चाहिए। पूजा–पाठ मन को शांति और संबल दे सकता है, लेकिन इसे चिकित्सकीय परामर्श का विकल्प नहीं मानना चाहिए।

यश राज फिल्म्स ने किया पहली हॉरर फिल्म का ऐलान वरुण धवन के साथ अभय पन्नू संभालेंगे निर्देशन



यश राज फिल्म्स (वाईआरएफ) अब तक दर्शकों के लिए रोमांस, एक्शन और थ्रिलर जैसी कई जॉनर की फिल्में पेश कर चुका है। अब प्रोडक्शन हाउस एक बिल्कुल नए क्षेत्र में अपनी किस्मत आजमाने जा रहा है। वाईआरएफ ने अपनी पहली थ्रिएट्रिकल हॉरर फिल्म की रिलीज डेट घोषित कर दी है। इस अनटाइटल्ड फिल्म में वरुण धवन लीड रोल निभाएंगे, जबकि निर्देशन की कमान रॉकेट बॉयज फेम अभय पन्नू के हाथों में होगी। फिल्म 31 मार्च 2028 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। यश राज फिल्म्स के लिए यह प्रोजेक्ट कई मायनों में खास है, क्योंकि इसके जरिए कंपनी थ्रिएट्रिकल हॉरर फिल्मों की दुनिया में अपनी शुरुआत करने जा रही है। फिल्म को बड़े पर्दे के लिहाज से तैयार किया जा रहा है। मेकर्स का लक्ष्य दर्शकों को एक नया हॉरर अनुभव देने के साथ वाईआरएफ के भव्य सिनेमाई अंदाज और शानदार प्रोडक्शन क्वालिटी को भी बरकरार रखना है। इस फिल्म को आदित्य चोपड़ा के मार्गदर्शन में विकसित किया जा रहा है। वहीं, वाईआरएफ के सीईओ अक्षय विधानी इस प्रोजेक्ट को प्रोड्यूस करेंगे। कंपनी की फिल्मोग्राफी में यह एक नई शैली की शुरुआत होगी। इस हॉरर फिल्म की कहानी और पटकथा अभय पन्नू ने लिखी है।

वह वेब सीरीज रॉकेट बॉयज के जरिए अपनी पहचान बना चुके हैं। अब वह पहली बार किसी थ्रिएट्रिकल फीचर फिल्म का निर्देशन करने जा रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के साथ वाईआरएफ एक बार फिर नई सोच और अलग तरह की कहानियों के साथ काम करने वाले फिल्मकार को बड़ा मौका दे रहा है। वरुण धवन के करियर के लिहाज से भी यह फिल्म काफी अहम होने वाली है। अभिनेता इस प्रोजेक्ट के जरिए यश राज फिल्म्स के साथ दोबारा काम करेंगे। खास बात यह है कि इस बार उन्हें एक बिल्कुल अलग जॉनर में पेश किया जाएगा। रोमांटिक, कॉमेडी और एक्शन फिल्मों में अपनी पहचान बना चुके वरुण अब पहली बार वाईआरएफ की हॉरर फिल्म का हिस्सा बनेंगे। फिलहाल फिल्म के टाइटल और बाकी कलाकारों को लेकर जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, 31 मार्च 2028 की रिलीज डेट तय होने के बाद से ही इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। अब देखना होगा कि वाईआरएफ अपनी पहली हॉरर फिल्म के जरिए दर्शकों के लिए किस तरह का सिनेमाई अनुभव लेकर आता है।

ऑफिस की कुर्सी से घंटों चिपककर बैठने से आप बन सकते हैं सुगर पेशेंट ! इन लक्षणों पर रखो नजर

भारत का कार्यबल (वर्कफोर्स) देश की आर्थिक वृद्धि की रीढ़ है, लेकिन चमकती स्क्रीन, लगातार होने वाली मीटिंग, लंबे सफर और कॉर्पोरेट की बढ़ती उम्मीदों के पीछे एक खतरनाक और खामोश स्वास्थ्य खतरा छिपा हैरू वर्कप्लेस स्ट्रेस जो डायबिटीज का कारण बनता है। भारत को पहले ही दुनिया की डायबिटीज राजधानी कहा जाता है, ऐसे में युवाओं और मध्यम आयु वर्ग के पेशेवरों (प्रोफेशनल्स) में डायबिटीज के मामलों का तेजी से बढ़ना चिंताजनक है।

शुगर बढ़ने के कारण

काम का भारी दबाव, लंबे समय तक काम करना, सख्त डेडलाइन, नौकरी जाने का डर, शारीरिक गतिविधि की कमी, खान–पान की खराब आदतें, नींद की कमी और लंबे समय तक रहने वाली मानसिक थकान ये सभी ब्लड शुगर लेवल को बढ़ाने में योगदान देते हैं। कॉर्पोरेट ऑफिस, आईटी कंपनियों, स्टार्टअप, वित्तीय संस्थानों, मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स और सर्विस इंडस्ट्री में काम करने वाले लोग, जो 20, 30 या 40 के दशक की शुरुआत में हैं, उनमें डायबिटीज के लक्षण तेजी से देखे जा रहे हैं।

कार्यस्थल तनाव मधुमेह के जोखिम को कैसे बढ़ाता है

तनाव शक्तिशाली जैव रासायनिक प्रक्रियाओं के माध्यम से शरीर को प्रभावित करता है। तनावग्रस्त होने पर, शरीर कोर्टिसोल, एड्रेनालाईन और नॉरएड्रेनालाईन जैसे ष्लड़ो या भागोष् हार्मोन जारी करता है। ये हार्मोन रक्त शर्करा का स्तर बढ़ाते हैं, इंसुलिन संवेदनशीलता तक कि जो लोग अच्छा खान–पान रखते हैं और व्यायाम करते हैं, उनमें भी दीर्घकालिक तनाव के कारण रक्त शर्करा का स्तर बढ़ सकता है।

लंबे कार्य घंटों का मधुमेह के जोखिम पर प्रभाव

भारत में औसत कार्य घंटे विश्व स्तर पर सबसे अधिक हैं। लंबे कार्य समय के कारण ये समस्याएं होती हैंरू भोजन के लिए कम समय, अधिक स्नैक्स खाना, शारीरिक गतिविधि में कमी, थकान में वृद्धि, नींद की कमी, तनाव में वृद्धि। प्रतिदिन 10–12 घंटे काम करने वाले कर्मचारियों में 6–8 घंटे काम करने वालों की तुलना में मधुमेह का खतरा लगभग दोगुना होता है। अधिकांश भारतीय पेशेवर दिन में 8–12 घंटे बैठे रहते हैं। गतिहीन जीवनशैली से कैलोरी बर्न कम होती है और मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है।

लंबे समय तक बैठे रहने से ये समस्याएं होती हैं।

–वजन बढ़ना
–खराब शारीरिक मुद्रा
–पेट की चर्बी बढ़ना
–रक्त संचार धीमा होना
–इंसुलिन संवेदनशीलता कम होना
–तनाव और थकान बढ़ना



यहां तक कि 30 मिनट बैठने से भी मांसपेशियों की गतिविधि काफी कम हो जाती है।

मधुमेह के जोखिम में मानसिक स्वास्थ्य की भूमिका चिंता, तनाव, अवसाद और भावनात्मक थकावट जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याए मधुमेह के जोखिम को सीधे बढ़ा सकती हैं। इसके प्रभावों में शामिल हैंः भावनात्मक रूप से अधिक खाना, व्यायाम करने की प्रेरणा में कमी, नींद की कमी, कोर्टिसोल का उच्च स्तर, हार्मानल उतार–चढ़ाव। जिन कर्मचारियों की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का इलाज नहीं हुआ है, उनमें चयापचय संबंधी विकार विकसित होने की संभावना अधिक होती है। पेशेवरों में नींद की कमी से मधुमेह का जोखिम बढ़ता है।

नजरअंदाज करने पर बढ़ता है खतरा

कार्यस्थल पर तनाव और मधुमेह के जोखिमों को नजरअंदाज करने से निम्नलिखित जटिलताएं हो सकती हैं।

–हृदय रोग
–गुर्दे की बीमारी
–आंखों की समस्याएं
–तंत्रिका क्षति
–उच्च रक्तचाप
–स्ट्रोक
–कार्य उत्पादकता में कमी
–मानसिक थकावट
–अर्ली डिसेबिलिटी

Godzilla Minus Zero ग्लोबल बॉक्स ऑफिस चार्ट में सबसे ऊपर


एक रिपोर्ट के अनुसार, ताकाशी यामाजाकी के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने तीन दिनों में इस क्षेत्र से लगभग 31.6 मिलियन डॉलर (करीब 281 करोड़ रुपये) की कमाई की। यह किसी भी विदेशी भाषा की लाइव–एक्शन फिल्म के लिए उत्तरी अमेरिका में अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग है। इसने 2004 में हीरो फिल्म द्वारा बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। जापानी सिनेमा की ब्लॉकबस्टर फिल्म श्गॉडजिला माइनस जीरोश ने हालिया वीकेंड (5–8 नवंबर) के दौरान वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा बनाते हुए कई नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। जहाँ इस जापानीं बप–थ ब्रमा ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस चार्ट्स पर पहला स्थान हासिल किया, वहीं निर्माता नमित मल्होत्रा और निर्देशक नितेश तिवारी की भारतीय महागाथा रामायण कई बड़ी हॉलीवुड फिल्मों को पछाड़ते हुए दुनिया भर में दूसरे नंबर पर रही। इसके अलावा, श्शमायपश ने दुनिया के कई प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नंबर 1 फिल्म के रूप में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। गॉडजिला माइनस जीरोश की शुरुआती कमाई का एक बड़ा हिस्सा उत्तरी अमेरिका से आया है। श्स्क्रीनिक्स के एक रिपोर्ट के अनुसार, ताकाशी यामाजाकी के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने तीन दिनों में इस क्षेत्र से लगभग 31.6 मिलियन डॉलर (करीब 281 करोड़ रुपये) की कमाई की। यह किसी भी विदेशी भाषा की लाइव–एक्शन फिल्म के लिए उत्तरी अमेरिका में अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग है। इसने 2004 में हीरो फिल्म द्वारा बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।



ग्लोबल वीकेंड रैंकिंग में रामायण का स्थान काफी उल्लेखनीय रहा है। शुक्रवार से रविवार के बीच, इस फिल्म ने उत्तरी अमेरिका में लगभग 8.7 मिलियन डॉलर (करीब 77.5 करोड़ रुपये) की कमाई की। पेड प्रिव्यू को मिलाकर, इस क्षेत्र में इसका कुल कलेक्शन 12.2 मिलियन डॉलर (करीब 108.6 करोड़ रुपये) तक पहुँच गया है।

जावा येज़्दी और बीएसए मोटरसाइकिल्स ने ईआईसीएमए 2026 में छोड़ी अपनी छाप







एजेंसी,नयी दिल्ली। जावा येज़्दी और बीएसए मोटरसाइकिल्स ने ईआईसीएमए 2026 में छोड़ी अपनी छाप भारत की सबसे युवा मोटरसाइकिल कंपनियों में से एक, जावा येज़्दी और बीएसए मोटरसाइकिल्स ने ईआईसीएमए 2026 में अपनी लगातार तीसरी उपस्थिति के दौरान अपने अंतरराष्ट्रीय पोर्टफोलियो के अगले चरण को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर दो नई बीएसए 350 सीसी मोटरसाइकिलों का वर्ल्ड प्रीमियर किया गया, साथ ही प्रोडक्शन के लिए तैयार थंडरबोल्ट 350और पूरी बीएसए रेंज में नए रंगों को भी पेश किया गया। यह प्रदर्शनी एक भारतीय निर्माता की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति को दर्शाती है, जो अपनी मॉडर्न क्लासिक बाइक्स को दुनिया भर के नए राइडर्स तक पहुँचा रहा है। क्लासिक लीजेंड्स के सह–संस्थापक, अनुपम थरेजा ने कहा, "हम भारत से एक वैश्विक मोटरसाइकिल कंपनी का निर्माण कर रहे हैं, और इसका अर्थ है ऐसी मोटरसाइकिलें बनाना जो अपने ब्रांड की मूल पहचान के प्रति सच्ची रहें और साथ ही हर उस बाजार के राइडर्स के लिए प्रासंगिक बनी रहें जहाँ हम प्रवेश करते हैं। विरासत हमें एक मजबूत आधार देती है, लेकिन उत्पाद और ओनरशिप के अनुभव को उस वादे पर खरा उतरना ही होगा।" अपने घरेलू बाजार में बीएसए की प्रगति कंपनी की महत्वाकांक्षाओं का एक प्रमुख संकेतक है। 1861 में बर्मिंघम में स्थापित बीएसए एक बार फिर ब्रिटेन में अपनी मजबूत पकड़ बना रही है।

2025 में लॉन्च हुई बीएसए बैंटम 350 ने ब्रिटेन के मासिक मॉडर्न–क्लासिक बिक्री चार्ट में बार–बार शीर्ष स्थान हासिल किया है। भारत में निर्मित एक मोटरसाइकिल के साथ अपने घरेलू बाजार में वापसी करने वाले एक ब्रिटिश ब्रांड के लिए यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। ब्रिटेन में बीएसए की वापसी विशेष रूप से सार्थक है। ऐसे समय में जब कई लोगों का मानना था कि विकसित बाजारों की रुचि केवल बड़े इंजन वाली मोटरसाइकिलों में है, हमने बैंटम 350को पेश करकेयह साबित किया कि एक किफायती और सुलभ मॉडर्न क्लासिक के लिए भी एक मजबूत बाजार मौजूद है। ब्रिटेन में इसका प्रदर्शन दिखाता है कि राइडर्स इसे केवल बीएसए के नाम के लिए नहीं, बल्कि आज इस मोटरसाइकिल में मिलने वाली खूबियों के लिए चुन रहे हैं। ईआईसीएमए 2026 में, हमने बॉबरऔर स्क्रैम्बलरके साथ बैंटम परिवार का विस्तार करके अगला कदम उठाया है। ये दो बिल्कुल अलग मोटरसाइकिलें हैं, जिन्हें अलग–अलग तरह के राइडर्स के लिए बनाया गया है, लेकिन दोनों में बीएसए का विशिष्ट अंदाज मौजूद है और ये मोटरसाइकिल चलाने के आनंद को और अधिक सुलभ बनाती हैं। भारत में येज़्दी रेंज में अब भारत में ही विकसित किए गए दो अलग–अलग इंजन प्लेटफॉर्मके अल्फा2और कटारशामिल हैं जबकि नई जावा ऑल स्टार्सनियो–क्लासिक रेंज परफॉर्मेंस क्लासिक बाइक्स को अधिक से अधिक दर्शकों तक पहुँचा रही है।

सीएम रेखा गुप्ता ने भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में दिल्ली मंडप का उद्घाटन किया



एजेंसी,नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को यहां भारत मंडपम में आयोजित 45वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) में दिल्ली मंडप का उद्घाटन किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गुप्ता ने मेले में कई स्टॉल का दौरा किया और प्रतिभागियों से उनके उत्पादों के बारे में बातचीत की। व्यावसायिक आगंतुकों को 14 से 18 नवंबर तक सुबह 9.30 बजे से शाम 7.30 बजे के बीच गेट नंबर तीन, चार, छह और 10 से प्रवेश मिलेगा।

टिकट ऑनलाइन और सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन को छोड़कर अन्य मेट्रो स्टेशनों पर उपलब्ध होंगे। दिल्ली यातायात पुलिस ने 14 से 27 नवंबर तक चलने वाले इस मेले के महेनगर यातायात परामर्श जारी किया है। इसमें आयोजन स्थल के आसपास की कई प्रमुख सड़कों पर जाम की आशंका जताते हुए लोगों को सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है। एक्स पर जारी परामर्श के अनुसार मेले के दौरान मथुरा रोड, भैरों मार्ग, रिंग रोड, शेरशाह रोड, पुराना किला रोड, भगवान दास रोड और तिलक मार्ग पर यातायात जाम की आशंका है। मेले में नहीं जाने वाले लोगों को इन सड़कों से बचने या वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है।

मेकमाईट्रिप ने ट्रैवल का मुहूर्त सेल के दूसरे संस्करण की घोषणा की

एजेंसी,नयी दिल्ली। मेकमाईट्रिप ने आज घोषणा की कि साल के आखिर में छुट्टियों की योजना बना रहे यात्रियों के लिए ट्रैवल का मुहूर्त सेल का दूसरा संस्करण 14 नवंबर 2026 से शुरू हो रहा है। इसमें हिस्सा लेने वाले पार्टनर्स में ठहरने की 30,000 से ज्यादा घरेलू और 3,500 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय प्रॉपर्टी शामिल हैं। इनमें होटल चेन, रिसॉर्ट, इंडिपेंडेंट होटल, होमस्टे और विला हैं। इनके अलावा 35 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस और 8 बैंक भी साथ आए हैं । राज ऋषि सिंह मेकमाईट्रिप के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर कॉरपोरेट, फ्लाइट्स, जीसीसी और मार्केटिंग ने कहा भारत में शॉपर्स फेस्टिव सेल का इंतजार करते हैं और हमारा मानना है कि ट्रैवल के लिए भी प्लानिंग का एक अलग सीजन होना चाहिए। दूसरे एडिशन के साथ हमारा फोकस इसे सिर्फ एक और सेल से आगे ले जाना है और भारत के यात्रियों को वह भरोसा देना है जिससे वे छुट्टी के बारे में सोचने से आगे बढ़कर उसे बुक कर सकें। हम चाहते हैं कि ट्रैवल का मुहूर्त सेल कैलेंडर में एक तय तारीख बन जाए जब यात्रियों को पता हो कि वे कई तरह की बचत के साथ अपने साल के अंत की छुट्टियों की प्लानिंग कर सकते हैं और हमारे पार्टनर्स को पीक सीजन की मांग का अंदाजा इतनी जल्दी मिल जाए कि वे उसकी तैयारी कर सकें।



साल के अंत में यात्रा के साथ अक्सर कीमतों की चिंता भी जुड़ी होती है, क्योंकि यात्रियों को दिसंबर में बढ़ती कीमतों और सीमित उपलब्धता की आशंका रहती है। ट्रैवल का मुहूर्त सेलइन्हें पहले से प्लानिंग करने और पूरे भरोसे के साथ बुकिंग करने के लिए एक खास बुकिंग विंडो देती है, जिसमें फ्लाइट, होटल, होमस्टे, हॉलिडे पैकेज, बस, कैब, ट्रेन, दूर्स और अट्रैक्शंस, फॉरेक्स तथा वीजा सर्विसेज पर डील्स मिलेंगी। सेल के ऑफर छोटी और लंबी दूरी, दोनों तरह की यात्राओं पर हैं। इनमें कुर्ग, अंडमान, लक्षद्वीप, जम्मू–कश्मीर, केरल, राजस्थान, पूर्वोत्तर और गोवा जैसे देश के पसंदीदा ठिकानों से लेकर जापान, दुबई, मलेशिया, सिंगापुर, थाईलैंड, वियतनाम, श्रीलंका, यूके और बाकी यूरोप जैसे अंतरराष्ट्रीय ठिकाने शामिल हैं। फेरारी वर्ल्ड (यूएई), यूनिवर्सल स्टूडियोज (सिंगापुर), मैडम तुसाद (सिंगापुर), मंडाई वाइल्डलाइफ ग्रुप के नाइट सफारी व सिंगापुर जू (सिंगापुर) और सन वर्ल्ड बा ना हिल्स (वियतनाम) जैसे दुनिया भर के लोकप्रिय अट्रैक्शंस भी इस कैंपेन से जुड़े हैं। सेल की घोषणा के लिए मेकमाईट्रिप ने छह फिल्मों का नया कैंपेन लॉन्च किया है, जिनमें ब्रांड एंबेसडर्स आलिया भट्ट और रणवीर सिंह हैं। कैंपेन में सेल के अलग–अलग हिस्से दिखाए गए हैं, जैसे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट व होटल, विला और अपार्टमेंट, हॉलिडे पैकेज और आउटस्टेशन कैब। इसका कॉन्सेप्ट क्रिएटिव एजेंसी टैलेंटेड ने तैयार किया है।

रक्षा क्षेत्र में बड़ा बदलाव, डीपीआईआईटी और वाणिज्य विभाग लाइसेंस जारी करने के लिए अधिकृत



एजेंसी,नयी दिल्ली। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा है कि उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) तथा वाणिज्य विभाग (डीओसी) रक्षा उद्देश्यों के लिए औद्योगिक लाइसेंस जारी करने वाले सक्षम प्राधिकरण हैं। डीपीआईआईटी की एक आधिकारिक सूचना के अनुसार दोनों विभाग उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 के तहत ये लाइसेंस जारी कर सकते हैं। इसमें कहा गया कि उद्योग विभाग विशेष आर्थिक क्षेत्रों (सेज) के बाहर स्थित विनिर्माताओं के लिए लाइसेंस जारी कर सकता है, जबकि वाणिज्य विभाग इन क्षेत्रों के भीतर स्थित विनिर्माताओं के साथ ही निर्यातोन्मुखी इकाइयों (ईओयू) के लिए भी लाइसेंस जारी कर सकता है। डीपीआईआईटी के प्रेस नोट में कहा गया, ये एजेंसियां (डीपीआईआईटी और डीओसी) उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 के तहत रक्षा उद्देश्यों के लिए औद्योगिक लाइसेंस जारी करने में सक्षम हैं।

वैश्विक आउटेज के बाद माइक्रोसॉफ्ट की सभी सेवाएं बहाल, कंपनी ने यूजर्स से मांगी माफी

एजेंसी,नयी दिल्ली । आउटलुक ईमेल समेत माइक्रोसॉफ्ट की विभिन्न सेवाओं में वैश्विक स्तर पर आई व्यापक बाधा के बाद कंपनी की सभी सेवाएं शनिवार को बहाल हो गई और उसने सेवाएं बाधित होने से हुई परेशानी के लिए गहरा खेद जताया। कंपनी कहा कि नेटवर्क की क्षमता बढ़ाने के दौरान आई तकनीकी समस्या के कारण सेवाएं प्रभावित हुई थीं। माइक्रोसॉफ्ट के सेवा स्थिति पेज पर शनिवार सुबह बताया गया कि माइक्रोसॉफ्ट 365 के कारोबारी और बड़ी कंपनियों के ग्राहकों के साथ–साथ आम उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध सभी सेवाएं सामान्य रूप से काम कर रही हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इस घटना के कारण हमारे ग्राहकों और साझेदारों को हुई परेशानी के लिए हमें बेहद खेद है। हम जानते हैं कि वे हमारी सेवाओं पर कितना भरोसा करते हैं और हम इस जिम्मेदारी को बहुत गंभीरता से लेते हैं। कंपनी ने कहा कि सेवाओं में बाधा तकनीकी खराबी के कारण आई थी और इसका साइबर गतिविधियों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) या एआई एजेंट से कोई संबंध नहीं था। उसने बताया कि पहले नेटवर्क की क्षमता बढ़ाने के दौरान एक समस्या उत्पन्न हुई थी, जो कि सेवाएं ठीक से काम कर रही हैं या नहीं। कंपनी ने बताया कि इस प्रक्रिया में अधिक समय लगा, लेकिन इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिली कि सेवाएं बहाल होने के बाद बिना किसी रुकावट के काम करती रहें।



हाल में नेटवर्क में किए गए बदलाव के बाद सामने आई। माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि उसने समस्या के मूल कारण को दूर कर दिया है। उसने कहा कि सेवाओं की भारी मांग को देखते हुए उन्हें चरणबद्ध तरीके से बहाल किया गया और प्रत्येक चरण में यह भी जांच की गई कि सेवाएं ठीक से काम कर रही हैं या नहीं। कंपनी ने बताया कि इस प्रक्रिया में अधिक समय लगा, लेकिन इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिली कि सेवाएं बहाल होने के बाद बिना किसी रुकावट के काम करती रहें।

माइक्रोसॉफ्ट में कोपायलट, एजेंट्स और प्लेटफॉर्म विभाग के कार्यकारी उपाध्यक्ष चार्ल्स लामन्ना ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जांच से पता चलता है कि तकनीकी समस्याओं और एक के बाद एक कई प्रणालियों में आई खराबियों के कारण सेवाओं को बहाल करना सामान्य से अधिक मुश्किल हो गया था। उन्होंने कहा, मैं इस घटना की विस्तृत जांच पूरी करने के लिए इंजीनियरिंग टीम के साथ मिलकर काम कर रहा हूं। हम जल्द ही एक रिपोर्ट जारी करेंगे, जिसमें घटनाक्रम का क्रमवार विवरण होगा। इसमें भविष्य में ऐसी समस्याओं को रोकने के लिए किए जाने वाले सुधारों की भी जानकारी दी जाएगी। माइक्रोसॉफ्ट ने शनिवार को कहा कि उसकी सेवाएं लगातार सामान्य रूप से काम कर रही हैं और समस्या की गंभीरता को देखते हुए कंपनी लंबे समय तक इन पर नजर रखेगी। कंपनी ने कहा कि वह सेवाएं बाधित रहने के दौरान जमा हुए लंबित ईमेल पर भी नजर रख रही है और सभी ईमेल का निपटारा सुनिश्चित करने के बाद ही कंपनी समस्या को पूरी तरह सुलझा हुआ मानेगी। बृहस्पतिवार देर रात शुरू हुई इस समस्या से एशिया से लेकर अमेरिका तक बड़ी संख्या में उपयोगकर्ता, कंपनियां और कुछ सरकारी कामकाज प्रभावित हुए।

बराड़ की जगह सरताज गेंदबाज को मिला डेब्यू का मौका

एजेंसी, नई दिल्ली। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर ने रविवार को भारत के खिलाफ खेले जा रहे पांचवें और आखिरी मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। यह मैच सीरीज का निर्णायक मैच है क्योंकि इस मैच से सीरीज का फैसला निकलेगा।

भारतीय टीम चार मैचों के बाद 2–1 से आगे है। उसके पास सीरीज जीतने का मौका है। वहीं, न्यूजीलैंड इस मैच को जीत सीरीज ड्रॉ करा सकती है। सीरीज जीतने का मौका उसके पास नहीं है क्योंकि तीसरा मैच ड्रॉ हो गया था।

इस मैच में भारतीय टीम ने यश ठाकुर को डेब्यू का मौका दिया है। वह गुरनूर बराड़ की जगह टीम में आए हैं। बराड़ को टेस्ट टीम में शामिल किया गया है और इसी कारण ठाकुर को इस मैच में मौका मिला है।



वह भारत के लिए चार टी20 खेल चुके हैं। आज अपना पहला वनडे खेल प्रभाव छोड़ना चाहेंगे। मोहम्मद सिराज की भी टीम में वापसी हुई है। वह अभी तक बेंच पर थे, लेकिन इस मैच में टीम इंडिया को अपने अनुभव से मजबूत करेंगे। कुलदीप यादव को इस मैच में आराम दिया गया है।

न्यूजीलैंड ने भी इस मैच में बदलाव किए हैं। काइल जेमिसन इस मैच में प्लेइंग–11 का हिस्सा नहीं हैं। वहीं, पिछले मैच में अपनी गेंदबाजी से भारतीय टीम को घुटने पर टेकने वाले मैट हेनरी भी टीम में नहीं हैं। जैकब डफी और ब्लेयर टिकनेर को इन दोनों के स्थान पर प्लेइंग–11 में शामिल किया गया है।

दोनों टीमों की प्लेइंग–11

भारत– श्रेयस अय्यर (कप्तान), रोहित शर्मा, ऋतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, ईशान किशन (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, नमन धीर, आकिब नबी, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, यश ठाकुर।

न्यूजीलैंड– मिचेल सैंटनर (कप्तान), विल यंग, टिम सीफर्ट, निक कैली, डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, फिन एलन, मिचेल ब्रेसवेल, क्रिस्टियन क्लार्क, ब्लेयर टिकनेर, मैट फिशर, डैकब डफी।

युवा क्रिकेटर्स पर बहुत गर्व है, भारत की 9वीं अंडर–19 एशिया कप जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी बधाई



एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय टीम ने शनिवार को एक बेहद ही रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को हराकर अंडर–19 एशिया कप का खिताब जीत लिया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के सामने 338 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसे टीम इंडिया ने आखिरी गेंद पर एक विकेट रहते हासिल किया।

भारत की इस रोमांचक जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर खास पोस्ट शेयर किया। उन्होंने युवा खिलाड़ियों की जमकर तारीफ की और भविष्य के लिए बधाई दी।

नरेंद्र मोदी ने लिखा, भारतीय क्रिकेट के लिए शानदार दिन! आज के बेहतरीन प्रदर्शन और मेन्स अंडर–19 एशिया कप 2026 जीतने के लिए हमारे युवा क्रिकेटरों पर बहुत गर्व है। उनकी यह सफलता कई युवाओं को प्रेरित करेगी। पूरी टीम को उनके आगे के सफर के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं।

मोहित उत्वा और मनल चौहान ने भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। भारत ने एक एक समय 252 रन पर 8 विकेट गंवा दिए थे। उसे मैच जीतने के लिए 86 रनों की जरूरत थी।

हालांकि, 8 विकेट गंवाने के बाद ऐसा लग रहा था कि टीम इंडिया ये मैच हार जाएगी। मगर मोहित–मनल ने शानदार पारियों से टीम को सिर्फ एक विकेट से यादगार जीत दिला दी। मनल–मोहित उत्वा की जोड़ी ने 9वें विकेट के लिए 57 रन जोड़े। मगर, जब भारत को 30 रनों की जरूरत थी तब मनल आउट हो गए, फिर मोहित ने चिगुरुपति वेंकटा के साथ आखिरी विकेट के लिए नाबाद 30 रन जोड़कर भारत को यादगार जीत दिलाई। भारत को आखिरी गेंद पर चार रन की जरूरत थी। मोहित ने चौका लगाकर भारत को चौंपियन बना दिया।

न्यूजीलैंड ने जीती सिक्के की जंग, भारत की पहले बल्लेबाजी

एजेंसी, नई दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेली जा रही पांच मैचों की वनडे सीरीज रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुकी है। शुरुआती दो मैच जीत टीम इंडिया इस सीरीज में 2–0से बढ़त बना चुकी थी, लेकिन तीसरे मैच में बारिश ने खलल डाल मुकाबला रद करा दिया तो वहीं चौथे मैच में कीवी टीम ने ऐसा खेल दिखाया कि सीरीज में वापसी कर ली। अब उसके पास सीरीज को ड्रॉ पर खत्म करने का शानदार मौका है। वहीं, भारत के पास सीरीज जीतने का आखिरी मौका है।

गौतम अदाणी पहली बार कब बने थे अरबपति

बिजनेस डेस्क, नई दिल्ली। भारत में जिन दो अरबपतियों की चर्चा सबसे ज्यादा होती है उनमें मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी का नाम शामिल है। दोनों ने अपने कारोबार को देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के बड़े बिजनेस साम्राज्यों में शामिल किया है। आज दोनों की कंपनियां अलग–अलग क्षेत्रों में कारोबार कर रही हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि गौतम अदाणी पहली बार कब अरबपतियों की सूची में शामिल हुए थे? उस समय मुकेश अंबानी की नेटवर्थ कितनी थी? आइए जानते हैं इस दिलचस्प कहानी के बारे में। फोर्ब्स के मुताबिक भारत के दूसरे सबसे बड़े अरबपति गौतम अदाणी 2008 में पहली बार दुनिया के अरबपतियों की सूची में शामिल हुए थे। उस समय उनकी अनुमानित नेटवर्थ करीब 9.3 अरब डॉलर थी। इस संपत्ति के साथ उन्होंने दुनिया के अमीर कारोबारियों में अपनी जगह बनाई थी।

भारत की ऐतिहासिक जीत पर झूमा क्रिकेट जगत, सचिन-सहवाग समेत दिग्गजों ने खास पोस्ट कर दी खिलाड़ियों को बधाई

एजेंसी, नई दिल्ली। भारत ने शनिवार को पाकिस्तान को हराकर अंडर–19 एशिया कप का खिताब जीत लिया। भारत को मुकाबले में 338 रनों का विशालकाय लक्ष्य रखा था। टार्गेट का पीछा करने उतरी भारतीय टीम एक समय मुश्किल में फंस गई थी। मगर मोहित उत्वा ने अंतिम तक क्रीज पर रहकर टीम को एक विकेट से जीत दिला दी।

भारत की इस ऐतिहासिक जीत से क्रिकेट जगत झूम उठा। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग और तमाम दिग्गजों ने खिलाड़ियों को बधाई दी है। सचिन ने कहा, हर प्लेयर, हर योगदान और हर पल खेल में मायने रखता है। आज भारत ने ये बहुत अच्छे से दिखाया। हमारे युवा चौंपियंस को अंडर–19 एशिया कप जीतने की बधाई। इरफान ने लिखा, पाकिस्तान के खिलाफ अंडर–19 के लड़कों की क्या शानदार जीत रही। लड़कों ने लड़ने का जज्बा दिखाया। यह देखकर बहुत अच्छा लगा। सहवाग ने लिखा, क्या मैच था! क्या फिनिश था! 338 रनों का पीछा करते हुए पाकिस्तान को एशिया कप के फाइनल में हराना आपके जज्बे को दिखाता है। लक्ष्य के 80, आर्यवीर के 58 और अब मनल चौहान और मोहित उत्वा के जलवा दिखाकर जीत दिलाई। क्या शानदार जीत थी। युवा चौंपियंस पर गर्व है।

प्रकाशक, मुद्रक एवम् संपादक विजय दुबे द्वारा 62, पार्वती नगर, पाण्डेयपुर, वाराणसी से प्रकाशित व काशी प्रिंटर्स, मिन्ट हाउस, वाराणसी से मुद्रित। समस्त विवादों को लखनऊ की सक्षम अदालतों में निपटाया जायेगा।

फोन : 91 8787220970
91 9839666352

आर.एन.आई.रू.UPHIN/2008/32231

डाक पंजीयन : जी–2/न्यूज पेपर/59/2004.


E-mail: lokhastakshep@gmail.com

संपादक: विजय दुबे

कार्यकारी संपादक: दीप्ती दुबे '

संपादकीय सलाहकार : राधाकृष्ण मिश्र

'समाचारों के चयन व संपादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी



अमेरिका में एयरलाइन संकट थमा नहीं, 2,000 से अधिक उड़ानें रद्द

एजेंसी,वाशिंगटन। अमेरिका में शुक्रवार को घंटों तक चले देशव्यापी फ्लाइट ग्राउंड स्टॉप के बाद हवाई यातायात अभी भी सामान्य नहीं हो पाया है और इसमें समय लग सकता है। शनिवार को भी 2,000 से अधिक उड़ानें रद्द की गई हैं, जबकि सैकड़ों अन्य उड़ानों में देरी हो सकती है। एयरलाइंस रद्द और प्रभावित उड़ानों का बैकलॉग खत्म करने के साथ विमानों और क्रू की उपलब्धता सुनिश्चित करने में जुटी हैं। फ्लाइट डेटा ट्रैकर फ्लाइटअवेयर के अनुसार, शनिवार को अमेरिका के भीतर, वहां से बाहर जाने वाली और अमेरिका पहुंचने वाली 2,000 से अधिक उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। वहीं 300 से अधिक उड़ानों में देरी का अनुमान है। इससे पहले शुक्रवार को अमेरिका में 7,700 से अधिक उड़ानें रद्द हुईं और 8,000 से ज्यादा उड़ानों में देरी



दर्ज की गई। शुक्रवार को एयर ट्रैफिक कंट्रोल केंद्रों में संचार संबंधी समस्याओं के कारण फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने देशभर में उड़ानों पर रोक लगा दी थी। शुक्रवार शाम कुछ विमानों ने दोबारा उड़ान भरनी शुरू की। प्रमुख एयरलाइंस ने भी परिचालन बहाल करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। हालांकि, यात्रियों को सप्ताहांत तक उड़ानों में व्यवधान बने रहने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। एयरलाइंस के सामने रद्द उड़ानों के कारण विभिन्न हवाई अड्डों पर फंसे विमानों और उनके चालक दल को दोबारा व्यवस्थित करने की चुनौती है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश के हवाई यातायात ढांचे के आधुनिकीकरण के लिए कांग्रेस से जल्द कानून पारित करने की अपील की है। सीएनएन ने एक सूत्र के हवाले से बताया, ट्रंप ने शुक्रवार रात रिपब्लिकन सीनेटर एरिक श्मिट से फोन पर बातचीत के दौरान एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम, एयरपोर्ट टावर, टर्मिनल और अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने के लिए जल्द विधायी कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया। सीनेटर मिट ने सितंबर में मॉडर्न स्काइज एक्ट पेश किया था। इस विधेयक के तहत अमेरिका के विमानन बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के लिए अतिरिक्त 30 अरब डॉलर की संघीय सहायता उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है। श्मिट चाहते हैं कि इस राशि को बजट सुलह प्रक्रिया में शामिल किया जाए।

यह पत्र व्हाइट हाउस के प्रबंधन एवं बजट कार्यालय के निदेशक रस वॉट और परिवहन मंत्री शॉन डफी ने सीनेट की विनियोग समिति के नेतृत्व को भेजा था। शुक्रवार को उड़ान सेवाओं में हुई पाबंदी ने अमेरिका के विमानन नेटवर्क में संचार व्यवस्था और बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने की जरूरत को एक बार फिर चर्चा में ला दिया है।

पंजाब में आबकारी निरीक्षक भर्ती में धांधली का मुद्दा उठा नायब सैनी ने किया प्रहार

राजेंद्र सिंह जादौन

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पंजाब में आबकारी निरीक्षक भर्ती में धांधली बताकर भाजपा के लिए वोट मांग रहे है। भर्ती परीक्षा में धांधली बताते हुए सैनी हरियाणा में अपनी सरकार के अधीन सरकारी भर्तियों में स्वच्छ भर्ती का दावा भी कर रहे है। पंजाब विधानसभा के आने वाले चुनाव के लिए भाजपा का प्रचार करते हुए नायब सैनी भगवंत मान सरकार पर कोई न कोई मुद्दा उठाते हुए प्रहार कर रहे है। मुख्यमंत्री शनिवार को पठानकोट के छतवाल में भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय एवं आरोग्य केंद्र के उद्घाटन अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने परिषद के दोनों प्रकल्पों के उद्घाटन पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बधाई दी। इस अवसर पर भारत विकास परिषद, उत्तर क्षेत्र के संरक्षक श्री एस.एस. गिल, क्षेत्रीय अध्यक्ष सुशील शर्मा, टीबीआर एग्रोटेक लिमिटेड के चेयरमैन श्री ईश्वर



कुमार गुप्ता, भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री सुरेश जैन सहित परिषद के अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे ऐतिहासिक नगरी पठानकोट को नमन करने आए हैं। इस पावन धरती पर गुरुओं के 'सरबत दा भला' के संदेश को अपनाकर मानव सेवा में लगी भारत विकास परिषद के दो प्रकल्पों का उद्घाटन करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। पठानकोट का इतिहास गौरवशाली है। यहां की धार्मिक आस्था और वीरता की परंपरा सभी को प्रेरणा देती है। शाहपुर कंडी और नूरपुर के किले यहां के समृद्ध इतिहास और राजपूत शासकों की वीरगाथा के साक्षी हैं।उन्होंने कहा कि वर्ष 1963 में स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित होकर भारत विकास परिषद की स्थापना हुई थी। स्वामी विवेकानंद ने ऐसे भारत का सपना देखा था, जो आत्मविश्वास से भरा हो, अपनी संस्कृति पर गर्व करता हो और मानवता की सेवा को अपना धर्म मानता हो। परिषद ने इसी प्रेरणा को अपने कार्य का आधार बनाया है। समर्थ, शिक्षित, प्रबुद्ध और संपन्न नागरिकों को संगठित कर उन्हें समाज के जरूरतमंद वर्गों की सेवा में लगाया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति में नर सेवा को नारायण सेवा कहा गया है। सेवा का यही भाव मनुष्य को मनुष्य से जोड़ता है, समाज में संवेदना जगाता है और राष्ट्र की एकता को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद का व्यापक विजन 'स्वस्थ, समर्थ और संस्कारित भारत' है। परिषद बच्चों और युवाओं में भारतीय संस्कृति, ज्ञान और देशभक्ति की भावना जगाने के लिए राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता और 'भारत को जानो' जैसे कार्यक्रम आयोजित करती है।

आधुनिक भारत के निर्माता थे जवाहर लाल नेहरू : पंकज डावर

नेहरू जी ने लोकतंत्र को मजबूत किया, औद्योगिक विकास की नींव रखी

लोकेश कुमार

गुरुग्राम । भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती यहां कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष (शहरी) पंकज डावर की अध्यक्षता में कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। भावी पीढियों को उनके जीवन से



प्रेरणा लेने को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने देशभक्ति कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। पंकज डावर ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू जी आधुनिक भारत के निर्माता थे। उन्होंने देश में लोकतंत्र को मजबूत किया, औद्योगिक विकास की नींव रखी और विज्ञान, शिक्षा और तकनीक को बढ़ावा दिया। उनके कार्यकाल में आईआईटी, आईआईएम, एम्स, इसरो जैसे संस्थानों की स्थापना हुई। पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को दिशा दी। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू जी गुटनिरपेक्ष आंदोलन के भी प्रमुख नेता थे। उन्होंने दुनिया को शांति, सह–अस्तित्व और पंचशील के सिद्धांत का संदेश दिया। वैज्ञानिक सोच, लोकतांत्रिक मूल्य, धर्मनिरपेक्षता और सभी धर्मों का सम्मान, यही उनकी विरासत थी। उन्हें कांग्रेस नेत्री सुनीता सहरावत, सूबे सिंह यादव, सीमा हुड्डा, हरकेश प्रधान, सुशील सहरावत, विकास हुड्डा, नरेश वशिष्ठ, भोले गुर्जर, श्याम लाल बामनिया, राजीव यादव, पंकज मेहंदीरत्ता, शैलजा भाटिया, दीपिका खन्ना, मोहित तंवर, मास्टर महेंद्र सेन, अमन प्रजापति, विपिन तनेजा, भूपेश शुक्ला, जगदीश यादव, ओमप्रकाश खरेरा आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। पंकज डावर ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्म 14 नवंबर 1889 को प्रयागराज (तत्कालीन इलाहाबाद) में हुआ था।

पहली बार चीन जाएंगी तकाइची

एजेंसी,टोक्यो। जापान की प्रधानमंत्री सनाए तकाइची अगले हफ्ते फिलीपींस और चीन का दौरा करेंगी। वे वहां एसोसिएशन ऑफ साउथईस्ट एशियन नेशंस (आसियान) और एशिया–पैसिफिक इकोनॉमिक कोऑपरेशनश (एपेक) फोरम से जुड़ी बैठकों में हिस्सा लेंगी। क्योडो न्यूज एजेंसी ने सरकार के हवाले से बताया कि तकाइची सोमवार को अपनी चार दिवसीय यात्रा के लिए रवाना होंगी। इस दौरान मनीला में ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के नेताओं के बीच क्वाड (क्वाड) समूह की एक बैठक होने की भी तैयारी चल रही है। एक नियमित प्रेस कॉन्फ्रेंस में, डिप्टी चीफ कैबिनेट सेक्रेटरी मसानाओ ओजाकी ने बताया कि तकाइची के कार्यक्रम में मंगलवार को होने वाला जापान–आसियान शिखर सम्मेलनश शामिल है। इसके अलावा, वे फिलीपींस के साथ मिलकर एशिया जीरो एमिशन कम्युनिटी की बैठक की सह–अध्यक्षता करेंगी। यह जापान द्वारा शुरू किया गया एक डीकार्बोनाइजेशन (कार्बन उत्सर्जन कम करने का) फ्रेमवर्क है।सितंबर 2024 के बाद यह क्वाड का पहला शिखर सम्मेलन होगा। क्वाड को चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने वाले एक समूह के रूप में देखा जाता है। राजनयिक सूत्रों का कहना है कि टोक्यो, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और तकाइची के बीच एक अलग बैठक कराने के लिए वाशिंगटन से भी बातचीत कर रहा है।

ओजाकी ने कहा कि आसियान, एक मुक्त और खुले हिंद–प्रशांत क्षेत्र (इंडो पैसिफिक) विजन को साकार करने में एक मुख्य स्तंभ है। चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच जापान इसी विजन की वकालत करता रहा है। उन्होंने कहा कि जापान ठोस सहायता और सहयोग को बढ़ावा देने के अपने रुख को मजबूती से रखेगा। इसके बाद, तकाइची गुरुवार को चीन के दक्षिणी शहर शेन्जेन जाएंगी, जहां वे एपेक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगी। वहां व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रीय आर्थिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

